दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 74 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। गुरुवार, 15 जनवरी 2026 । माघ माह, कृष्ण पक्ष द्वादशी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# मकर संक्रांति पर आतिशबाजी

## दिनभर पतंगबाजी और वो काटा, वो काटा का शोर गूंजा

### पतंग लूटने के विवाद में युवक की हत्या; चाइनीज मांझे से 7 महीने के बच्चे का गला कटा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में मकर संक्रांति पर लोगों ने दिनभर पतंगबाजी की। इस दौरान ये काटा, वो काटा का शोर गूंजता रहा। इसके बाद शाम होते ही जमकर आतिशबाजी हुई। जयपुर में आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा।

भीलवाड़ा में पतंग लूटने के विवाद में युवक की हत्या कर दी। सिरोही में 7 महीने के बच्चे का चाइनीज मांझे से गला कट गया। बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। श्रीगंगानगर में पतंग लूटते समय पानी की डिग्गी में गिरे 8 साल के बच्चे की मौत हो गई।

पाली में पतंग उड़ाते समय 14 साल का बच्चा हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। वहीं बांसवाड़ा में भी बाइक सवार युवक की चाइनीज मांझे से गर्दन कट गई। घाव गहरा होने के कारण उसे 10 टांके लगाए गए हैं। जयपुर में काइट फेस्टिवल-2026 में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी यहां उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के साथ पतंगबाजी की। विधायक बाल मुकुंदाचार्य उनकी चरखी पकड़े नजर आए। भाजपा के हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया ने परिवार के सदस्यों के साथ पतंग उड़ाई। कोटा में मकर संक्रांति पर बंगाली समाज ने परंपरानुसार मगरमच्छ की पूजा की।

### खेला ऐतिहासिक दड़ा, सामान्य बारिश के संकेत

टोंक के आवां कस्बे में ऐतिहासिक दड़ा खेला गया। यह खेल 80 किलो की फुटबॉल से खेला गया। खेल में कस्बे के दो गेट पर दो गोलपोस्ट होते हैं। मान्यता के अनुसार अगर गेंद अखनिया गेट की ओर जाए तो प्रदेश में अकाल पड़ने की संभावना होती है। गेंद दूनी दरवाजे की तरफ जाए तो सुकाल पड़ता है। अच्छी बारिश होती है। करीब ढाई घंटे खेल चलने के बाद गेंद गढ़ (चौक) में ही रही। ऐसे में यह साल सामान्य रहने के आसार हैं।



### सीएम शर्मा ने जयपुर में पतंग उड़ाकर मकर संक्रांति उत्सव का उद्घाटन किया

मकर संक्रांति के मौके पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जलमहल की पाल पर पतंग उड़ाकर 'पतंग उत्सव' का उद्घाटन किया। मकर संक्रांति की शुभकामनाओं के साथ मुख्यमंत्री ने कहा कि सूर्य देव के उत्तरायण होने का यह शुभ अवसर आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि का संचार करे, यही मंगल कामना है। 'पतंग उत्सव' के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की थीम पर आयोजित पतंग प्रदर्शनी भी देखी। उन्होंने लोक कलाकारों से बातचीत की और राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में उनके योगदान के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह त्योहार राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है। 'पतंग उत्सव' जैसे आयोजन लोक संस्कृति को मजबूत करते हैं, रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं, और पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सिंगापुर पुलिस ने कहा-सिंगर जुबीन की मौत डूबने से हुई

### नशे में लाइफ जैकेट पहनने से इनकार किया था; सीएम हिमंता ने कहा था- हत्या हुई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत को लेकर सिंगापुर पुलिस ने किसी भी तरह की साजिश से इनकार किया। पांच महीने बाद पुलिस ने कोर्ट में अपनी रिपोर्ट सौंपी। इसके मुताबिक, जुबीन की मौत डूबने की वजह से हुई थी। उन्होंने नशे की हालत में लाइफ जैकेट पहनने से इनकार कर दिया था। दरअसल 52 साल के सिंगर जुबीन की 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में एक यॉट पार्टी के दौरान मौत हो गई थी। वे सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में परफॉर्म करने पहुंचे थे। हालांकि परफॉर्मेंस से एक दिन पहले उनकी जान चली गई। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 25 नवंबर को विधानसभा में कहा था कि जुबीन गर्ग की मौत कोई हादसा नहीं, बल्कि हत्या थी। वे दोषियों को सजा दिलाकर रहेंगे। सिंगापुर पुलिस ने 35 लोगों की गवाही पर रिपोर्ट बनाई-सिंगापुर पुलिस ने 35 लोगों की गवाही के आधार पर रिपोर्ट तैयार की है। गवाहों ने उस दिन की पल-पल की जानकारी दी और बताया कि जुबीन गर्ग ने कितनी शराब पी और नशे में डाइविंग करने पहुंचे।

## हल्दी उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड सक्रिय : गोयल

### हल्दी उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड सक्रिय : केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड (एनटीबी) देश के किसानों को सशक्त बना रहा है और भारतीय हल्दी के निर्यात को दुनिया भर में बढ़ावा दे रहा है। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना के एक साल पूरे होने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बोर्ड ने अपने उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में काफी अच्छी प्रगति की है।

पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि इस बोर्ड की स्थापना का उद्देश्य हल्दी के उत्पादन को बढ़ाना, किसानों को सशक्त बनाना और दुनिया भर में हल्दी के निर्यात को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। मंत्री ने आगे कहा कि वह बोर्ड की सफलता की कामना करते हैं, ताकि यह किसानों की मदद करता रहे, व्यापारियों और निर्यातकों के लिए नए अवसर खोले और भारत की समृद्धि को दुनिया तक पहुंचाए।

इस बीच, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से हल्दी के निर्यात में 50.7 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो पिछले वित्त वर्ष के 226.58 मिलियन डॉलर की तुलना में बढ़कर 341.54 मिलियन डॉलर हो गया। संसद के शीतकालीन सत्र में वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि साल 2024-25 में भारत से 1.76 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा हल्दी का निर्यात हुआ, जबकि 2023-24 में यह आंकड़ा 1.62 लाख मीट्रिक टन था। भारत का दुनिया के हल्दी बाजार में 66 प्रतिशत हिस्सा है और साल 2020 से देश से सबसे ज्यादा हल्दी आयात करने वाले टॉप-पांच देशों में बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका, मलेशिया और मोरक्को शामिल हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 16 जनवरी को राजस्थान दौरा

### 1008 कुंडीय हनुमान महायज्ञ में होंगी शामिल, सिर्फ 4 घंटे रहेंगी जयपुर में, फिर दिल्ली लौटेंगी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 16 जनवरी को एक दिवसीय राजस्थान दौरे पर जयपुर आएंगी। राष्ट्रपति का दौरा तय कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 1:40 बजे जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से शुरू होगा। एयरपोर्ट से राष्ट्रपति सड़क मार्ग से प्रस्थान कर दोपहर 2:10 बजे सिविल लाइंस स्थित लोक भवन पहुंचेंगी, जहां उनका निर्धारित कार्यक्रम रहेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोपहर 3:50 बजे लोक भवन से निकलकर शाम 4:20 बजे सीकर रोड स्थित नींदड़ हाउसिंग स्कीम, हरमाड़ा पहुंचेंगी।



## प्रयागराज माघ मेला में लगातार दूसरे दिन आग लगी

### 10 से ज्यादा टेंट चपेट में आए, कल्पवासियों में अफरातफरी मची

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज (एजेंसी)** प्रयागराज माघ मेले में लगातार दूसरे दिन आग भड़क उठी। बुधवार शाम को ब्रह्माश्रम शिविर में अचानक आग लग गई। तेज हवा से लपटों ने 2 बड़े शिविर को चपेट में ले लिया। इससे 10 से ज्यादा टेंट जल गए। कल्पवासियों ने भागकर जान बचाई। बाह्माश्रम शिविर सेक्टर 4 के लोअर मार्ग पर है। ऊंची उठती लपटों के साथ धुआं करीब 5 चरूदूर से दिख रहा था। फायर ब्रिगेड की टीमों ने पानी की बौछार डालकर आग पर काबू पाया। इस दौरान पूरे एरिया को सील कर दिया गया, ताकि आग ज्यादा न फैले।

## तीन देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति मुर्मु को सौंपे अपने परिचय पत्र

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में तीन देशों के राजदूतों की तरफ से दिए गए उनके परिचय पत्र स्वीकार किए।

**परिचय पत्र सौंपने वालों में त्रिनिदाद और टोबैगो के उच्चायुक्त एवं ऑस्ट्रिया और अमेरिका के राजदूत** -राष्ट्रपति भवन के अनुसार, परिचय पत्र सौंपने वालों में त्रिनिदाद और टोबैगो के उच्चायुक्त चंद्रदथ सिंह, ऑस्ट्रिया के राजदूत डॉ. रॉबर्ट जि़शग और अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर शामिल थे।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी राजदूतों का स्वागत किया और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।



# मकर संक्रांति पर प्रयागराज में आस्था का महासंगम

## दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के संगम में स्नान करने का अनुमान

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रयागराज में माघ मेला इस बार भी अपने रंग में रंगा हुआ है। मकर संक्रांति और षटतिला एकादशी के शुभ संयोग की वजह से संगम पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। बुधवार सुबह 8 बजे तक ही करीब 15 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान कर आस्था का अनुभव लिया। इस दौरान युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई संगम में डुबकी लगाता हुआ नजर आया।

**कड़ाके की ठंड में भी संगम पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, मकर संक्रांति सनातन परंपरा और सांस्कृतिक आस्था का भव्य उत्सव**-इस कड़ाके की ठंड में संगम तट पर श्रद्धालुओं की संख्या देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये सिर्फ स्नान का अवसर नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और सनातन परंपरा का जश्न भी है। वहीं, इस बार मकर संक्रांति स्नान पर्व पर अनुमान है कि 2 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में डुबकी लगाएंगे। ऐसे में सुरक्षा-व्यवस्था भी बहुत सख्त है। पुलिस और सुरक्षा बल



हर जगह तैनात हैं। मेला प्रशासन ने 13 जनवरी से ही चार पहिया वाहनों की एंट्री बैन कर दी है, ताकि जगह-जगह भीड़ नियंत्रण में रहे। पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार ने बताया कि संगम तट पर घुड़सवार पुलिस, फुट पेट्रोलिंग, जल पुलिस और आरएएफ जवान पूरे एहतियात के साथ काम कर रहे हैं। साथ ही बाडराज कंपनी भी लगी हुई है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। उन्होंने बताया कि भीड़ को सुगमता से संगम तक लाने और वहां से वापस उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए विशेष डायवर्जन प्लान बनाया गया है।

### भीड़ सुरक्षित, एआई निगरानी सक्रिय; दुर्लभ एकादशी संयोग से मकर संक्रांति स्नान का महत्व बढ़ा, प्रयागराज सहित तीर्थों में आस्था उमड़ी

कमिश्नर ने कहा कि अभी भीड़ अच्छी है और सभी लोग सुरक्षित हैं। हालांकि यदि भविष्य में भीड़ और बढ़ती है, तो आपातकालीन योजनाएं तैयार हैं। एआई कैमरों के जरिए भीड़ की लगातार मॉनिटर की जा रही है और उसी के आधार पर प्रशासन आवश्यक कदम उठा रहा है। गौरतलब है कि 23 साल बाद मकर संक्रांति पर एकादशी का दुर्लभ संयोग बना है, जिस वजह से इस दिन स्नान का महत्व कई गुना बढ़ गया है। इस मौके पर लोग सिर्फ प्रयागराज ही नहीं, बल्कि वाराणसी, अयोध्या और मथुरा जैसे धार्मिक शहरों से भी अपने-अपने घाटों पर पहुंच रहे हैं। हर जगह श्रद्धालुओं का हुजूम आस्था की गूंज और भक्ति भाव का प्रतीक बनता दिख रहा है।

# सीवरेज में लीकेज से हाईवे खराब, गड्ढों से बढ़ रहे हादसे

## - सदर थाने के बाहर बढ़ रही वाहन चालकों की मुसीबत - टूटा-फूटा हाईवे जल भराव होने से और ज्यादा टूट रहा

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** फोरलेन को शहर से जोड़ने वाला हाईवे वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन रहा है। सदर थाने के सामने हाईवे पर पानी का लीकेज कई दिनों से दुखदायी बना हुआ है। हाईवे पर जल भराव से हादसे की आशंका बढ़ रही है। मंगलवार रात को ही एक ट्रक जल भरे गड्ढे के कारण बेकाबू हो गया, लेकिन चालक ने किसी तरह नियंत्रण कर लिया। बताया जा रहा है कि सीवरेज लाइन में लीकेज से पानी हाईवे पर आ रहा है। इससे टूटा-फूटा हाईवे और ज्यादा टूट रहा है। गडढों में जल भराव से मुश्किल बढ़ रही है सो अलग।

### इसलिए बचाव हो गया, अन्यथा

बताया जा रहा है कि मंगलवार रात को ही एक ट्रक चालक पानी से भरे गड्ढे के कारण हादसे का शिकार हो जाता। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जल भराव होने से ट्रक की स्पीड कम कर दी थी, लेकिन पानी से भरे गड्ढों के कारण ट्रक पलटते-पलटते रह गया। वालक ने किसी तरह ट्रक को कंट्रोल कर लिया, अन्यथा भारी नुकसान हो जाता।

### पता नहीं कहां सोये हैं जिम्मेदार

सीवरेज लाइन में लीकेज के कारण पूरा पानी हाईवे पर आ रहा है, लेकिन जिम्मेदारों की नींद नहीं खुल रही। सीवरेज की मॉनिटरिंग करने वाले तो कहीं सोये ही है पर सदर थाने के सामने की स्थिति होने के बावजूद न तो इस ओर पुलिस महकमा ध्यान दे रहा है और न सार्वजनिक निर्माण विभाग।

### बस चलते ही है नजर नहीं आते गड्ढे

यह हाईवे शहर को फोरलेन से जोड़ने वाला है। मेडिकल कॉलेज हो या रीको क्षेत्र इसी सड़क से आवाजाही करनी होती है। प्रभारी मंत्री, विधायक, सांसद व प्रशासनिक अधिकारी भी इसी मार्ग से शिवगंज के लिए आवागमन करते हैं। इसके बावजूद न तो जल भराव नजर आ रहा है और न हाईवे पर पानी से भरे गड्ढे।

### हम ठीक करवा रहे हैं...

लाइन चोक हो गई है इसकी जांच करवा रहे हैं। जल्द ही ठीक करवा लिया जाएगा।

*- आशीषसिंह*
*सीवरेज प्लानिंग इंचार्ज, सिरोही*



## कंटेनर में गुजरात जा रही शराब जब्त

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** आबूरोड रीको थाना क्षेत्र पुलिस ने मावल के समीप कार्रवाई करते हुए कंटेनर में गुजरात जा रही शराब जब्त की है। मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चम्पावत ने बताया कि मावल चौकी के समीप नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक रूकवाया गया। संदेह होने पर कंटेनर की सघन जांच की गई। इस पर खिलौनों की आड़ में शराब के कर्टन मिले। पुलिस ने कंटेनर में छुपाकर रखी 638 बोतलों को जब्त कर लिया। ट्रक चालक मानेसर (हरियाणा) निवासी जितेन्द्र पुत्र रामचंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया।

## मांझे की चपेट में आने से दो जने घायल

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** पतंगबाजी के दौर में बुधवार को मांझे की चपेट में आकर दो जने गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक बालक है। जानकारी के अनुसार शहर में रामझरोखा मैदान से बाइक पर गुजर रहे गोयली निवासी राजेश पुत्र बाबूलाल माली मांझे की चपेट में आ गए। गर्दन बचाने के लिए हाथ आगे किया, लेकिन गर्दन व अंगुली दोनों चोटिल हो गए। आसपास के लोगों ने युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। वहीं, सरूपगंज में पिता के साथ बाइक पर जा रहा बालक मांझे की चपेट में आने से घायल हो गया।

## मकर संक्रांति महोत्सव के तहत गौशालाओं में लपसी,खोपरा,प्रसाद वितरीत

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** गुरु कमल चंद्र रोशन व विद्यार्थी कल्याण संस्थान के मकर संक्रांति महोत्सव के पहले दिन उदयपुर शहर की पांच गौशालाओं मैं गौ माता को लपसी रोटी अच्छा खोपरा का प्रसाद वितरित किया गया। यह महोत्सव लगातार 5 दिनों तक चलेगा। जिसमें 21 गौशालाओं में 51 क्विंटल लपसी 21000 किलो चार?2100 रोटी और गुड वह 21 किलो खोपड़े का प्रभु प्रसाद व्यतीत किया जाएगा। यह जानकारी ट्रस्ट कोषाध्यक्ष स्वीटी जैन ने दी।

## प्रागपुरा क्षेत्र में चोरों का आतंकः ढाणी सुरली में घर से सोने-चांदी व नगदी पार

### कानून व्यवस्था चरमरा चुकी, आमजन असुरक्षित महसूस कर रहा – इन्द्राज गुर्जर



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र सहित पूरे सीओ सर्किल में पुलिस की तमाम कोशिशों के बावजूद चोरी व नकबजनी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं। आए दिन दुकानों व मकानों में चोरी की घटनाओं ने ग्रामीणों को चिंता में डाल दिया है। मंगलवार देर रात ग्राम लाडाकाबास की ढाणी सुरली में अज्ञात चोरों ने सुनियोजित तरीके से घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण व नगदी चोरी कर ली। पीड़ित रामनिवास यादव ने बताया कि 14 जनवरी की पूर्वाह्न करीब तीन बजे अज्ञात चोर मुख्य गेट से घर में दाखिल हुए। उस समय परिवार मकान के बाहर के कमरों में सो रहा था। चोर अंदर के कमरों से एक बड़ा व एक छोटा बक्सा उठाकर सड़क किनारे ले गए और दोनों बक्सों को तोड़कर उसमें रखी ज्वैलरी व नगदी लेकर फरार हो गए। बक्सों में करीब 25 से 30 हजार रुपये की नगदी के साथ सोने के कुंडल, बाली, नाक बाली, मंगलसूत्र, टोपस, चांदी की कड़ी, कुड़े, पायजेब, चैन, पेंडल, चुटकी, अंगूठियां व आठ चांदी के सिक्के सहित काफी मात्रा में जेवर बताए गए हैं।

घटना की सूचना पर प्रागपुरा थानाधिकारी भजनाराम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मोबाइल इन्वेस्टिगेशन यूनिट को बुलाकर घटनास्थल से फिंगरप्रिंट लिए गए और साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद पूर्व सरपंच मदन यादव ने ग्रामीणों की मौजूदगी में उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए तीन दिन में खुलासा करने की मांग की तथा चेतावनी दी कि खुलासा नहीं होने पर ग्रामीण धरना-प्रदर्शन करेंगे। चोरी की सूचना पर भाजपा नेता आशीष धनकड़, सुरेंद्र पलसानिया, उपसरपंच कैलाश चंद, जीएसएस अध्यक्ष बनवारीलाल, डॉ. सुरेंद्र यादव, मालीराम बाडीगर, राहुल कुनेड सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर पूर्व विधायक एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष इन्द्रराज गुर्जर ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है और आमजन असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रागपुरा व आसपास के क्षेत्रों में लगातार चोरी की वारदातें सामने आ रही हैं, लेकिन खुलासा न होने से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने मांग की पीड़ित को न्याय मिले व आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए, अन्यथा आंदोलन किया जाएगा।

## भारतीय सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** भारतीय सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक (वेटरन्स डे) दिवस 14 जनवरी 2026 को सैनिक विश्राम गृह श्रीगंगानगर में मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि वेटरन कर्नल संदीप शर्मा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी आत्मेश बेनीवाल की अध्यक्षता में दो मिनट का मौन व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेना मेडल ऑ केप्टेन रामकिशन यादव, श्रीमती रतना कंवर वीरांगना शहीद सुगन सिंह, श्रीमती सरस्वती देवी माता शहीद कॉन्सटेबल सुभाष, वरिष्ठ पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर किशनलाल लिम्बा को शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले के पूर्व सैनिक, वीरांगनाएं एवं उनके आश्रित भूतपूर्व सैनिक सहित अन्य मौजूद रहे।

# गांवों को समृद्ध बनाने का सशक्त माध्यम है वीबीजीरामजी

## रात्रि चौपाल में प्रभारी ने किया जनसंवाद, सुनी परिवेदनाएं

बढ़ता राजस्थान




**सिरोही ( नि.स. )।** प्रभारी मंत्री केके बिश्नोई ने मंगलवार को पालड़ी एम. में रात्रि चौपाल एवं जनसंवाद कार्यक्रम में भाग लिया। जनता की परिवेदनाएं सुनी तथा अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। वीबीजीरामजी गांवों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने का एक सशक्त माध्यम बताया। कहा कि इससे गांव मजबूत होंगे तथा किसान श्रमिकों के समृद्ध होने से भारत विकसित होगा।

### कॉलेज के लिए भूमि का कब्जा सौंपा

रात्रि चौपाल में विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को संबंधित दस्तावेज एवं लाभ प्रदान किया गया। राजस्व विभाग ने तीन सम्मानजनक नाम दर्ज किए। बजट घोषणा क्रियान्विति के तहत राजकीय कृषि महाविद्यालय सिरोही को 30 हैक्टेयर भूमि आवंटन के भू-अभिलेख उपलब्ध कराए। साथ ही भूमि का कब्जा सुपुर्द दस्तावेज राजकीय महाविद्यालय के सहायक आचार्य को सौंपा गया। चौपाल में कई योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया गया।

### योजनाओं से लाभ उठाने का आग्रह

इस दौरान सांसद लुम्बाराम चौधरी ने योजनाओं से लाभ उठाने का आग्रह किया। जिला प्रमुख अर्जुनराम, जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल शिवरान, एडीएम राजेश गोयल, सीईओ प्रकाशचंद अग्रवाल, टीएडी उपायुक्त राजलक्ष्मी गहलोत, उपखंड अधिकारी नीरज मिश्र आदि उपस्थित थे।

## एसडीएम साधना शर्मा ने श्रीकृष्ण गौशाला प्रागपुरा का किया निरीक्षण

### अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी
### मकर संक्रांति पर गायों को खिलाया गुड़- दलिया



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** उपखंड क्षेत्र के प्रागपुरा कस्बे में बुधवार को पावटा उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने श्रीकृष्ण गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला परिसर में जगह-जगह गंदगी का अंबार नजर आया तथा गौवंश के रख-रखाव की स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिली। गौशाला में गायों के चारे व पानी की कमी के साथ स्वच्छता व्यवस्था बेहद लचर पाई गई। निरीक्षण के क्षणों में एसडीएम ने कार्यरत कार्मिकों व मौजूद ग्रामीणों को व्यवस्थाओं में कमी के संबंध में अवगत कराया और कहा कि गौवंश की सेवा भारतीय संस्कृति का संवेदनशील हिस्सा है, ऐसे में लापरवाही किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने गौशाला में सुनियोजित तरीके से कमेटी गठन करने तथा आवश्यक सरकारी अनुदान प्राप्ति व कागजी कार्यवाही को सुचारू करने की जानकारी भी ग्रामीणों को प्रदान की। इस अवसर पर विराटनगर उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय भी मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में गौशाला में मौजूद गायों को गुड़- दलिया एवं अन्य खाद्य सामग्री खिलाकर पुण्य कार्य की परंपरा को आगे बढ़ाया।

गौशाला निरीक्षण के दौरान विक्रम यादव, लोकेश यादव, शहीद लुहार, रोशन लाल सुनार, रोहिताश यादव, विजेंद्र यादव, सुमित गुवारिया, हरिद्वारी लाल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने समाधान की उम्मीद जताते हुए कहा कि यदि प्रशासनिक स्तर पर गौशाला में पारदर्शी कमेटी गठन, अनुदान प्रक्रिया तथा सामुदायिक सहयोग बहाल हो जाए तो गौशाला की स्थिति में सुधार संभव है।

# मकर संक्रांति एवं पतंग उत्सव का उल्लास

## आरएसएमएमएल झावर-कोटड़ा में उत्साहपूर्ण आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर राजस्थान भर में पतंग उत्सव पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। सूर्य के उत्तरायण होने के इस पर्व पर आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से सजा रहा और नागरिकों ने हर्षोल्लास के साथ सहभागिता निभाई। राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड की झामर-कोटड़ा रॉक फास्फेट खदान क्षेत्र में भी मकर संक्रांति एवं पतंग उत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व आर के शर्मा, समूह महाप्रबंधक, टैडडस् झावर-कोटड़ा एव राजीव वर्मा,महाप्रबंधक खान के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने सामूहिक रूप से भाग लिया।

इस अवसर पर खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान के खनि अभियंता आसिफ मोहम्मद अंसारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने मकर संक्रांति के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सुरक्षित पतंगबाजी, पर्यावरण संरक्षण तथा पक्षी सुरक्षा हेतु इको-फ्रेंडली मांझे के उपयोग का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक तिल-गुड़, गजक एवं मिठाइयों का आदान-प्रदान किया गया तथा सामूहिक सौहार्द एवं टीम भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया।

मकर संक्रांति एवं पतंग उत्सव राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, सामाजिक सहभागिता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। टैडडस् झावर-कोटड़ा द्वारा इस आयोजन से कार्यस्थल पर आपसी सौहार्द एवं सांस्कृतिक जुड़ाव को बढ़ावा मिला।

## विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू को ऑनलाईन पहचान प्रमाण पत्र देने के लिये शिविर जारी

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** राज्य सरकार द्वारा घुमंतू समुदाय (विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू) के व्यक्तियों को केन्द्र व राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा घुमंतू समुदाय (विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू) के व्यक्तियों को ऑनलाइन घुमंतू पहचान प्रमाण पत्र जारी किया जाकर राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जायेगा।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विरेन्द्र पाल ने बताया कि इसके लिये समस्त जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की समस्त पंचायत समिति एवं नगरपालिका, नगरपरिषद में 12 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू सहायता शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन सहायता शिविरों में घुमंतू समुदाय के व्यक्तियों के मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र आदि जारी किये जाकर राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाना है। उन्होंने बताया कि इस हेतु प्रत्येक पंचायत समिति में एवं शहरी क्षेत्र के स्थानीय परिस्थिति अनुसार 5-8 वार्डों का कलस्टर बनाकर प्रत्येक कलस्टर पर शिविर आयोजित किये जा रहे हैं।

# विधायक डॉ शैलेश सिंह ने कोली समाज की तीन अनाथ बच्चियों को प्रदान की एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता

## 28 दिसंबर को तीनों बच्चियों के साथ विषाक्त पदार्थ सेवन करने के बाद, मधुबाला कोली की हो गई थी मौत

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** कुम्हेर के विधायक डॉ शैलेश सिंह ने बुधवार को डीग शहर के हनुमान मोहल्ला पहुंच कर एक माह पहले बीमारी के चलते पति की मौत जाने पर डिप्रेशन में आकर 28 दिसंबर को अपनी तीनों पुत्रियों के साथ विषाक्त पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या करने वाली मृतिका मधुबाला के घर पहुंच कर संवेदना व्यक्त की। विधायक डॉ सिंह ने मृतिका के वृद्ध सास ससुर और उसकी तीनों अनाथ बच्चियों को ढाढस बढ़ाते हुए एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।

जिसमें 71 हजार रुपए की राशि विधायक डॉ सिंह द्वारा और 31 हजार रुपए की राशि और कम्बल आदि श्री वल्लभ राम शर्मा मानव सेवा समिति अऊ की ओर से समिति के अध्यक्ष पूर्व भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डीग इंजीनियर लक्ष्मण प्रसाद शर्मा द्वारा प्रदान की गई।

इस मौके पर विधायक डॉ शैलेश सिंह ने इस हृदयविदारक घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मधुबाला की मृत्यु उसके एक परिवार और उसकी बेटीयो के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि विपत्ति की इस घड़ी में समाज और जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़े रहें। डॉ. सिंह ने कहा कि अनाथ हुई मासूम बच्चियों के भविष्य की चिंता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### एक माह पहले तीनों बेटियों के सिर से उठ गया था पिता का साया

उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार और समाज मिलकर उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन देने का हर संभव प्रयास करेंगे। दुख की इस घड़ी में मानवता ही सबसे बड़ा सहारा है। इस अवसर पर खेमचंद कोली, दाऊ दयाल नसवारिया, पवन खंडेलवाल,जतिन गुप्ता,बोबी उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद थे।



# नगर में गूंजा वो काटा वो कटवाया का शोर, दिन भर चला पतंगबाजी का दौर

## मकर संक्रांति पर पतंगों से सजा आसमान, उत्साह से झूम उठा नगर

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** मकर संक्रांति का पर्व भारतीय संस्कृति में नवउत्साह, उल्लास और परंपराओं का प्रतीक माना जाता है। वर्ष 2026 में यह पर्व फुलेरा नगर में अत्यंत हर्षोल्लास, उमंग और रंग-बिरंगे वातावरण के साथ मनाया गया। वर्ष के पहले पर्व ने पूरे नगर को मानो उत्सव की चादर में ढक दिया। सुबह होते ही फुलेरा की गलियों, मोहल्लों और छतों से पतंगबाजी की तैयारियां शुरू हो गईं और देखते ही देखते पूरा आसमान रंगीन पतंगों से भर उठा। दिन चढ़ते ही नगर के लगभग हर घर की छत पर बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की टोलियां पतंग उड़ाते हुए नजर आईं। चारों ओर वो काटाज् वो कटवाया की गूंज सुनाई देती रही। एक पतंग के कटते ही तालियों, ठहाकों और उत्साह भरे शोर से पूरा माहौल गूंज उठता था।



आसमान में लहराती पतंगें मानो लोगों की खुशियों और उम्मीदों का प्रतीक बन गईं। मकर संक्रांति के पर्व को लेकर बाजारों में भी विशेष रौनक देखने को मिली। सुबह से ही पतंग, मांझा और डोर की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी रही। लोग अपनी पसंद के रंग-बिरंगे पतंग और तेज मांझा खरीदते नजर आए। पर्व के इस उल्लासपूर्ण माहौल ने नगर के व्यापार को भी नई गति प्रदान की। गौ जल सेवा परिवार के संस्थापक अमर चंद सैनी ने मकर संक्रांति के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक है और इसे शुभता, दान और पुण्य से जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन समाज में सेवा, सद्भाव और आपसी प्रेम को बढ़ावा देने वाला होता है। पर्व के अवसर पर फुलेरा के गली-मोहल्लों में पारंपरिक परंपराएं भी जीवंत नजर आईं। सुहागिन महिलाएं एक-दूसरे को तेरुंदे का सामान बांटती हुई दिखाई दीं, जिससे आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश मिला। वहीं कई स्थानों पर मकर संक्रांति पर कपड़े पहनाने की परंपरा का भी निर्वहन किया गया, जिसे लोग आस्था और विश्वास के साथ निभाते नजर आए। दिन भर छतों पर डीजे और पारंपरिक संगीत की धुनें गूंजती रहीं। उड़-उड़ जायज् पतंगबाजी जैसे गीतों के साथ युवा वर्ग जोश और उमंग के साथ पतंग उड़ाता दिखा। संगीत, हंसी-मजाक और प्रतिस्पर्धा ने पर्व के आनंद को और अधिक बढ़ा दिया।

कुल मिलाकर मकर संक्रांति का यह पर्व फुलेरा नगर में केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि खुशियों, परंपराओं और सामूहिक उल्लास का उत्सव बन गया। रंगीन पतंगों से सजा आसमान, गलियों में गूंजती हंसी और छतों पर झूमते लोग इस बात का प्रतीक बने कि भारतीय पर्व आज भी समाज को जोडने और जीवन में उमंग भरने का कार्य कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में सुंदरकाण्ड पाठ एवं महाप्रसादी का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान परिसर में स्थित हनुमान जी मंदिर में मंगलवार को सुंदरकाण्ड पाठ एवं महाप्रसादी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान परिवार के तत्वावधान में किया गया, जिसमें चिकित्सकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित लगभग 2000 से अधिक लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान कर्मचारी संघ के महासचिव राहुल अग्रवाल ने बताया कि सुंदरकाण्ड पाठ के अवसर पर हनुमान जी मंदिर को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया। पाठ के दौरान संस्थान के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से सुंदरकाण्ड पाठ में भाग लिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में यह आयोजन प्रतिवर्ष श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया जाता है, जिसमें संस्थान में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग रहता है। आयोजन में सामूहिक सौहार्द एवं धार्मिक भावना का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, संयुक्त निदेशक जे.पी. शर्मा, उपनिदेशक चंद्रशेखर शर्मा, कर्मचारी संघ अध्यक्ष तरुण निमिवाल, महासचिव राहुल अग्रवाल सहित संघ के सदस्य सीताराम शर्मा, सुभाष डांगी, कृष्ण गोपाल, अरविन्द, केशव, मंजीत, लेखराज, आशीष, मुकेश, नितिन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर शिक्षकों के तबादले तत्काल निरस्त करे सरकार- कलवानिया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट संदीप कलवानिया ने मुख्यमंत्री से प्रदेश के सरकारी स्कूलों में सत्र के बीच किए गए प्रिंसिपल, व्याख्याता और वरिष्ठ अध्यापकों के तबादलों को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है। कलवानिया ने कहा कि राज्य में अगले महीने फरवरी से बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं और वर्तमान में स्कूलों में प्रायोगिक परीक्षाएं चल रही हैं। ऐसे महत्वपूर्ण समय पर शिक्षकों के तबादले करना छात्र हितों के साथ खिलवाड़ है। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी पूरी तरह बाधित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग ने उन व्याख्याताओं के भी तबादले कर दिए हैं जो वर्तमान में निर्वाचन आयोग के 'विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम' में कार्यरत हैं। यह निर्वाचन विभाग के स्पष्ट दिशा-निर्देशों की खुली अवहेलना है। उन्होंने बताया कि कई शिक्षकों ने तबादले के बाद नई जगह जॉइन कर लिया है, लेकिन अब उन्हें फिर से वापस भेजा जा रहा है, जिससे भ्रम की स्थिति बनी हुई है। माध्यमिक शिक्षा विभाग में प्रिंसिपल और व्याख्याताओं के तबादलों का सिलसिला अगस्त माह से लगातार जारी है। सत्र के मध्य में इतनी बड़ी संख्या में फेरबदल करना विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है।प्रदेश प्रवक्ता ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि सरकार ने सत्ता में आने से पहले 'तबादला नीति' लाने की बड़ी-बड़ी घोषणाएं की थीं, जो आज तक पूरी नहीं हुई हैं। बिना किसी नीति के मनमाने ढंग से किए जा रहे तबादलों से शैक्षणिक वातावरण बिगड़ रहा है।



## मंदिर की चारदीवारी के निर्माण का हुआ भव्य शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के नगर परिषद वार्ड संख्या 6,ढाणी ज्यादावाली में धार्मिक उल्लास के साथ मंदिर की चारदीवारी के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के दौरान विद्वान शास्त्री विजय शर्मा द्वारा विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ नींव पूजन एवं मुहूर्त संपन्न कराया गयाभामाशाहों ने दिखाया उत्साहमंदिर निर्माण में स्थानीय निवासियों नेबढ़-चढक़र सहयोग की घोषणा की। उनके इस योगदान की वार्डवासियों ने सराहना की।मुहूर्त के इस पावन अवसर पर किशोर सैनी,भोलाराम सैनी,मांगेलाल सैनी, हरचंद सैनी,फूलचंद सैनी,रामावतार सैनी,रामु,मोहन सैनी,बद्री प्रसाद,सरदारराम सैनी,सुगन हलवाई,फूलचंद हलवाई,दुर्गाप्रसाद सैनी,सुन्दर सैनी,ओमी,बुलाराम सैनी,गुरुजी सुभाषचन्द सैनी।प्रकाश सैनी, चौथमल सैनी,राजू सैनी,राजेश सैनी, मुकेश सैनी, सुरेश सैनी, पत्रकार बिल्लूराम सैनी,खेम चंद,कृष्ण सैनी,करण, विक्की,विक्रम,जीतू माली, हेमंत,संदीप बागड़ी,तरुण,योगेश बागड़ी, समीर,मोहित, जीतेद्र, प्रवीण,अक्षय कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने मंदिर निर्माण को जल्द से जल्द पूर्ण कराने का संकल्प लिया।इस दौरान सैकड़ों की संख्या में अन्य ग्रामीण व युवा भी उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने अभिषेक मेहदावास, टोंक में भव्य स्वागत और हर्ष की लहर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा द्वारा अभिषेक मेहदावास को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर समाज में उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिला। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की घोषणा होते ही टोंक सहित पूरे प्रदेश में खुशी की लहर दौड़ गई। समाजबंधुओं ने इसे एक योग्य, कर्मठ और सरल व्यक्तित्व को मिला सम्मान बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। नियुक्ति के उपलक्ष्य में टोंक में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जहाँ समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर तथा मिठाइयाँ खिलाकर अभिषेक मेहदावास का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग





उपस्थित रहे और समाज की एकजुटता का परिचय दिया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अभिषेक मेहदावास लंबे समय से समाजसेवा और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। उनके अनुभव, दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता से महासभा को राष्ट्रीय स्तर पर नई दिशा और गति मिलेगी। समाज के युवा वर्ग ने भी उनकी नियुक्ति को प्रेरणादायी बताते हुए आशा जताई कि इससे युवाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण को बल मिलेगा। अपने उद्बोधन में अभिषेक मेहदावास ने महासभा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के अंत में समाज की उन्नति, संगठन की मजबूती और प्रदेश में सामाजिक समरसता के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। अभिषेक मेहदावास की नियुक्ति को समाज के लिए मील का पत्थर बताते हुए उपस्थितजनों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में महासभा नई ऊँचाइयों को छुएगी।

## अग्रवाल चौधरी संगठन समिति का 68 वां वार्षिक अधिवेशन आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** अग्रवाल चौधरी संगठन समिति का 68 वां वार्षिक अधिवेशन समारोह बुधवार को स्थानीय श्रीराम भवन परिसर में अग्रवाल चौधरी समाज के पूर्वज सहसमल जी चौधरी व कुल देवी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आयोजित किया गया। सर्वप्रथम इन दो वर्षों में दिवंगत हुए समाज के लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान नई कार्यकारणी का गठन व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के सभापति बजरंग शरण, अध्यक्ष भारत बंसल, संरक्षक पुष्करमल चौधरी, विशिष्ठ अतिथि श्रीराम सभा समिति अध्यक्ष अनिल शरण की उपस्थिति में मंत्री दीपक बंसल ने वार्षिक प्रतिवेदन व कोषाध्यक्ष अमित कुमार बंसल ने आय-व्यय का ब्यौरा व मोक्ष धाम



विकास समिति अध्यक्ष उत्तम गुप्ता ने समिति के कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। अध्यक्ष भारत बंसल ने गत दो वर्षों में किये गये सहयोग के लिए सभी समाज बंधुओं का आभार जताया। अधिवेशन में समाज की विभिन्न प्रतिभाओं को समाज सेवी व भामाशाह गोपाल बंसल द्वारा प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद संगठन की विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। समाज के लोगों से सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढक़र अपना योगदान देने का आह्वान किया गया।



जयपुर। रामाज परिवार के सदस्यों ने मकरसंक्रांति का पर्व पतंग उड़ा के मनाया ।

## सैनी सभा संस्था द्वारा धूमधाम से मनाई गई महाराजा शूर सैनी की जयंती

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** स्थानीय सैनी सभा भवन नं.1में सैनी सभा संस्था के उपाध्यक्ष प्रकाश तोदवाल की अध्यक्षता में महाराजा शूर सैनी की जयन्ती बड़े धूमधाम सेआयोजित की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा शूर सैनी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने महाराजा शूर सैनी के जीवन और सैनी समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला।समाज की उत्पत्ति, उन्नति और विकास के विषय में पूर्व अध्यक्ष बिड़दी चन्द सैनी, पूर्व अध्यक्ष राकेश सैनी, रामेश्वर पार्षद, महेश कुमार (पत्रकार) एवं आमंत्रित सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर सैनी सभा सचिव एडवोकेट योगेश सैनी, पूर्व अध्यक्ष रोहिताश सैनी, दिनेश सैनी, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र सैनी, कृष्ण कुमार सैनी, सीताराम सैनी (पार्षद),मोहन सैनी,ललित सैनी महात्मा, एडवोकेट पवन सैनी,श्याम लाल सैनी, आमंत्रित सदस्य महेश कुमार सैनी,पत्रकार बिल्लूराम सैनी(व्यवस्थापक) संजय बागड़ी, रामकुमार सैनी (पूर्व सरपंच एवं विवाह समिति अध्यक्ष), विजय सैनी, एडवोकेट रमेश, सहित समाज के अनेक गणमान्य बन्धु उपस्थित रहे।


# कार्यालयः जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), कोटपूतली-बहरोड़

Email: dm.election.ktpbhr@rajasthan.gov.in

क्रमांकः निविदा/2026/33 | दिनांकः-12.01.2026

## -: खुली निविदा सूचनाः-

वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला कार्यालय एवं उसके अधीन ब्लॉक कार्यालयों में कार्यालय उपयोग हेतु स्टेशनरी सामग्री की वार्षिक आधार पर दर प्रस्तुत करने हेतु निम्नानुसार वस्तु एवं सेवा कर में रजिस्ट्रड फर्मों से मोहरबंद निविदा आंमत्रित की जाती है। जिसकी शर्ते, अनुमानित मात्रा सामग्री इत्यादी SPPP Portal पर एवं कार्यालय समय में कार्यालय में देखा जा सकता है।

NIB No. CKO2526A0012

UBIN No. CKO2526GSRC00012

उपजिला निर्वाचन अधिकारी,
कोटपूतली-बहरोड


## बजट से पहले मुख्यमंत्री दरबार में कर्मचारियों की हुंकार

### लाखों कर्मियों की पीड़ा सीएम के सामने, महासंघ ने रखीं ज्वलंत मांगें

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित बजट पूर्व संवाद बैठक में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) ने सरकार के सामने कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों का पूरा लेखा-जोखा रखा। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ एवं चिकित्सा विभाग ठेका कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने प्रदेश के लाखों कर्मचारियों की समस्याएं तथ्यों के साथ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के समक्ष प्रस्तुत कीं। प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाएं अब तक कागजों से बाहर नहीं निकल पाई हैं। उन्होंने पूर्व घोषणाओं के विधिवत आदेश तुरंत जारी करने की मांग करते हुए कहा कि चिकित्सा विभाग में ठेका प्रथा की आड़ में भ्रष्टाचार और आर्थिक शोषण हो रहा है।ठेका कर्मचारियों को इस शोषण से मुक्ति दिलाकर सीधा वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए।मुख्यमंत्री का सकारात्मक आश्वासन चिकित्सा विभाग ठेका कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने महासंघ की मांगों को गंभीरता से सुना और आगामी बजट में कर्मचारी हितैषी निर्णय लेने का भरोसा दिलाया। इस महत्वपूर्ण संवाद में कर्मचारी नेता अजयवीर सिंह, प्रहलाद अग्रवाल, शैलेन्द्र शर्मा, रणजीत मीणा, झलकन सिंह राठौड़, अजय लखन सहित अनेक प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आभावास गौशाला में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर तुलादान



बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** मकर संक्रांति पर बुधवार को खाटू रोड पर स्थित हनुमान मित्र मंडल में गौशाला आभावास में गोसवामणी एवं तुला दान किया गौशाला के कोषाध्यक्ष राम प्रसाद गर्ग ने बताया कि आसपास के गांव के ढाणीयों तुलादान किया एवं गौ माता के लिए अच्छा पशु आहार गुड़ के कार्टून गौशाला में आया आसपास की गांव के ग्राम वासियों ने गौशाला में 2.50 लख रुपए का आर्थिक सहयोग भी गौशाला में किया। गौशाला के पदाधिकारी ने सभी ग्राम वासियों का आभार प्रकट किया । इस पर अध्यक्ष बाबूलाल महाराज, नाथूराम,गोपाल बाजिया, प्रभु दयाल नेनीवाल, महावीर प्रसाद, श्रवणरुलानिया, गौशाला के पदाधिकारी एवं गोसेवक उपस्थित रहे।


# कार्यालय उप वन संरक्षक, टोंक

जखीरा नर्सरी परिसर, सवाई माधोपुर रोड, टोंक दूरभाष नं. 01432-254479

Email: dcf.tonk.forest@rajasthan.gov.in

## NOTICE INVITING BIDS

Bids are invited from eligible contractors/ firm for Developmental works in various ranges tonk forest Division as following:

| S.N. | UBN Number | NIB | Estimate cote | Satrt Date | End Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | FOR2526WSOB04623 | FOR2526A3372 | 4.95024 | 09.01.2026 | 15.01.2026 |
| 2 | FOR2526WSOB04624 | FOR2526A3373 | 4.80000 | 09.01.2026 | 15.01.2026 |
| 3. | FOR2526WSOB04625 | FOR2526A3374 | 4.71380 | 09.01.2026 | 15.01.2026 |
| 4. | FOR2526WSOB04627 | FOR2526A3376 | 4.71380 | 09.01.2026 | 15.01.2026 |
| 5. | FOR2526WSOB04628 | FOR2526A3377 | 28.84325 | 09.01.2026 | 15.01.2026 |
| 6. | FOR2526WSOB04630 | FOR2526A3378 | 19.80649 | 09.01.2026 | 15.01.2026 |
| 7. | FOR2526WSOB04632 | FOR2526A3379 | 4.03262 | 09.01.2026 | 15.01.2026 |

Tender Can be seen downloaded at www.sppp.rajasthan.gov.in

DIPR/C/......

उप वन संरक्षक
टोंक

## सम्पादकीय

# आफत बने आवारा कुत्ते

पशु कल्याण बोर्ड के इस आंकड़े से आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश-निर्देश से असहमत लोगों की आंखें खुल जाएं तो अच्छा कि देश में प्रतिदिन करीब दस हजार लोगों को लावारिस कुत्ते काटते हैं। इस बोर्ड के आंकड़े यह भी बता रहे हैं कि कुत्तों का शिकार होने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 2022 में कुत्तों के काटने के करीब 22 लाख मामले दर्ज हुए थे। 2023 में यह संख्या लगभग 27.5 लाख रही और 2024 में 37 लाख से अधिक पहुंच गई। ये वे आंकड़े हैं, जो रिपोर्ट होते हैं। कोई भी समझ सकता है कि ग्रामीण इलाकों और छोटे शहरों के न जाने कितने मामले तो रिपोर्ट ही नहीं होते। आवारा कुत्तों के कारण लोगों को जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, उसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जो भी आदेश-निर्देश दिए, उन पर कड़ाई से पालन होना ही चाहिए। विडंबना यह है कि पशु प्रेमी लोगों को आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने और उनकी आक्रामकता से लोगों को बचाने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के आदेश-निर्देश रास नहीं आ रहे हैं। वे आए दिन सुप्रीम कोर्ट में अपना पशु प्रेम प्रदर्शित करने के लिए खड़े हो जाते हैं और वहां कुतर्कों के साथ अव्यावहारिक सुझाव भी पेश करते हैं। वे जैसी संवेदनशीलता लावारिस कुत्तों के प्रति दिखाते हैं, वैसी मनुष्यों के प्रति दिखाने के लिए तैयार नहीं। आखिर यह कैसा पशु प्रेम है कि मनुष्यों से अधिक आवारा कुत्तों की चिंता की जा रही है और वह भी तब जब वे आफत बन रहे हैं? निःसंदेह भारतीय संस्कृति प्राणिमात्र के कल्याण की बात करती है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि आवारा कुत्तों अथवा अन्य बेसहारा पशुओं को इतनी अधिक प्राथमिकता मिले कि मनुष्यों के समक्ष संकट पैदा हो जाए। पशु प्रेमी लोग आवारा कुत्तों के नियमन-नियंत्रण का विरोध तो करते हैं, लेकिन उन्हें पालने अथवा उनकी देखभाल करने के लिए तैयार नहीं। उलटे उन्हें सड़कों पर खाना खिलाने और उनका जहां-तहां विचरण होने देने की स्वतंत्रता चाहते हैं। संकट केवल यह नहीं कि आवारा कुत्तों के काटने के मामले बढ़ रहे हैं, बल्कि यह भी है कि ऐसे कई मामले जानलेवा सिद्ध हो रहे हैं। हर दिन देश के किसी न किसी हिस्से से आवारा कुत्तों के शिकार लोगों की मौत के समाचार सामने आते हैं। गत दिवस ही फिरोजपुर में आवारा कुत्तों के हमले में एक युवक की मौत हो गई। ऐसी मौतों से किसी का भी हृदय द्रवित हो जाए, लेकिन कथित पशु




प्रेमी आवारा कुत्तों को लेकर अपनी बेजा दलीलें छोड़ने को तैयार नहीं और वह भी तब, जब इससे भली तरह परिचित हैं कि हमारे नगर निकाय उन पर लगाम लगाने में नाकाम हैं और विकसित देशों में आवारा पशुओं को नियंत्रित करने का काम कठोरता से होता है।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

- 15 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 2016 - पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो में ऑगाडोगू के होटल में आतंकवादी हमले में 28 लोगों की मौत तथा 56 लोग घायल।
- 2013 - सीरिया की अलेप्पो यूनिवर्सिटी में रॉकेट हमले में 83 लोगों की मौत तथा 150 लोग घायल।
- 2010 - तीन घंटे से भी अधिक की अवधि वाला शताब्दी का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण लगा। भारत में यह 11 बजकर 06 मिनट पर शुरू होकर 3 बजकर पाँच मिनट पर खत्म हुआ। दोपहर 1.15 पर सूर्य ग्रहण अपने चरम पर था. यह वलयाकार सूर्य ग्रहण था। इसके कारण ऊपरी वातावरण पर तथा पृथ्वी के वातावरण पर पड़ने वाले प्रभावों के अध्ययन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने छह रॉकेटों का प्रक्षेपण किया।
- 2009 - दादा साहेब फाल्के पुरस्कार विजेता व प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता तपन सिन्हा का निधन। फ़िल्म स्लमडॉग मिलेनियर को बाफ्टा पुरस्कार की श्रेणियों में स्थान मिला।
- 2008 -
- सरकारी क्षेत्र की कंपनी गैस अथोरिटी ऑफ़ इण्डिया लिमिटेड (गेल) के बोर्ड ने महाराष्ट्र के दाभोल से बंगलुरु तक गैस पाइप लाइन बिछाने के प्रोजेक्ट को मंज़ूरी दी। उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री मायावती ने 'गंगा एक्सप्रेस वे परियोजना' का शिलान्यास किया।
- प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की चीन यात्रा के दौरान भारत-चीन सीमा विवाद पर बातचीत की गई। खगोलविदों ने धरती से 25 करोड़ प्रकाश वर्ष दूर की आकाश गंगा के जीवन के लिये ज़रूरी तत्त्व खोजने का दावा किया।
- 2007 - सद्दाम के सौतेले भाई एवं इराकी अदालत के पूर्व प्रमुख फ़ाँसी पर चढ़ाये गये।
- 2006 - ब्रिटिश हाईकोर्ट ने क्वात्रोच्चि के दो बैंक खातों पर से प्रतिबंध हटाने का आदेश दिया।
- 1999 - 'एनी फ्रैंक घोषणा पत्र' पर हस्ताक्षर करने वाले प्रथम विश्व नेता संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव कोफी अन्नान बने, पाकिस्तान में सभी नागरिक प्रशासनिक कार्य सेना को हस्तांतरित।

विशेष आलेख

# विश्व राजनीति का नया समीकरण, अमेरिका-ईरान और वेनेजुएला तनाव

**आर्थिक संकट का विस्तार टैरिफ का कदम अंतरराष्ट्रीय बाजारों में दवाब बनाने की कोशिश है, लेकिन इससे वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखला में मूल्य वृद्धि, व्यापार विवाद और निवेश अनिश्चितता जैसी चुनौतियाँ उभर सकती हैं।**



संजीव ठाकुर

पिछले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक राजनीति की धुरी को तेज़ी से बदल दिया है,उनके हाल के निर्णयों ने अंतरराष्ट्रीय आर्थिक प्रणाली, सैन्य रणनीति और कूटनीतिक संतुलन पर गंभीर प्रभाव डाला है जिन्हें व्यापक स्तर पर समझना अब वक्त की मांग है। सबसे ताज़ा और व्यापक रूप से पुष्टि की गई घोषणा यह है कि ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर अमेरिका 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाएगा वह आदेश "तत्काल प्रभावी" और "अंतिम व निर्णायक" बताया गया है। यह क़दम सीधे तौर पर उन देशों को निशाना बनाता है जिनके पास ईरान के साथ बड़े आर्थिक समझौते हैं, जैसे चीन, भारत, तुर्की, रूस और संयुक्त अरब अमीरात। इसके परिणामस्वरूप न केवल वैश्विक व्यापार संबंधों में विसंगति पैदा हो सकती है, बल्कि विश्व अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण अवरोध का सामना करना पड़ सकता है। टैरिफ नीति को व्यापारिक दबाव का एक हथियार बताया गया है, लेकिन यह अब स्पष्ट है कि यह उपाय परंपरागत प्रतिबंधों से आगे बढ़कर उपस्थित किया गया है — यह न केवल ईरान को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने का प्रयास है, बल्कि उसके व्यापारिक भागीदारों को भी अमेरिका के साथ रिश्तों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर करता है। इस क़दम से उस नेटवर्क पर असर पड़ेगा जो ईरान को कच्चे तेल, औद्योगिक कच्चा माल और कृषि वस्तुओं के रूप में समर्थन देता है, और भारत जैसे बड़े व्यापारिक राष्ट्रों को भी टैरिफ भार का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक संकट का विस्तार टैरिफ का कदम अंतरराष्ट्रीय बाजारों में दवाब बनाने की कोशिश है, लेकिन इससे वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखला में मूल्य वृद्धि, व्यापार विवाद और निवेश अनिश्चितता जैसी चुनौतियाँ उभर सकती हैं। उदाहरण के लिए, चीन खास तौर पर ईरान का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, और उसके खिलाफ टैरिफ का असर न केवल तेल के व्यापार पर होगा बल्कि पूरे ईरानी लक्ज़मीन, वस्त्र और तकनीकी वस्तुओं के व्यापार को उलझा सकता है। इसके अलावा, कुछ विश्लेषकों का मानना है कि इससे अमेरिका-चीन व्यापार संबंधों पर तनाव और बढ़ सकता है, क्योंकि चीन पहले से ही पश्चिमी बाजार में अपने निर्यात पर भारी शुल्क का सामना कर रहा है। ऐसे में अतिरिक्त 25% टैरिफ से वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंका बढ़ सकती है। आर्थिक दबाव के साथ-साथ, ट्रंप प्रशासन के कुछ सूत्र यह संकेत भी दे रहे हैं कि ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्पों पर विचार जारी है,खासकर उन स्थितियों में जहाँ ईरान के विरोध प्रदर्शन हिंसक दबाव में बदलते दिख रहे हैं। हालाँकि अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है कि अमेरिका ने सीधे ईरान पर हमला करने का निर्णय ले लिया है, सैन्य रणनीति के विकल्प "तालिका में मौजूद" बताए जा रहे हैं। कुछ रिपोर्टों में यह भी उल्लेख है कि कतर जैसे क्षेत्रों में अमेरिकी एयरबेस पर गतिविधियाँ बढ़ी हैं, जिससे यह सवाल उठता है कि संभव सैन्य कार्रवाइयों के लिए तैयारी भी चल रही है, हालांकि इसकी पुष्टि स्वतंत्र स्रोतों द्वारा अभी सीमित रूप से ही हुई है। ट्रम्प प्रशासन ने पिछले सालों में ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उसके ठिकानों पर कई प्रतिबंधात्मक उपायों और हमले जैसी कार्रवाइयों की भूमिका निभाई थी। इसी कड़ी में पिछले युद्धों और संघर्षों का हवाला देते हुए कई विश्लेषक मानते हैं कि संभावित भविष्य की सैन्य रणनीतियाँ भी गंभीर परिणाम लाने की क्षमता रखती हैं।कूटनीतिक परिदृश्य और प्रत्युत्तर कूटनीति के क्षेत्र में, ट्रंप प्रशासन की नीतियाँ स्वरूप में सख्त हैं लेकिन अपने साथ कई विरोध भी जड़ित करती हैं। उदाहरण के लिए, ईरान ने संवाद चैनल खुले रखने की इच्छा जताई है, जिससे यह संकेत मिलता है कि तेहरान वार्ता के द्वार बंद नहीं करना चाहता है — बावजूद इसके कि स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। चीन ने स्पष्ट रूप से अमेरिकी टैरिफ नीति का विरोध किया है, इसे "अनैच्छिक, एकतरफा और अनिश्चितता पैदा करने वाला" बताया है। चीनी प्रवक्ता ने कहा कि टैरिफ युद्ध के समाधान के बजाय समस्या को और बढ़ाता है, और यह भी चेतावनी दी कि ऐसे उपाय "कोई विजेता नहीं पैदा करते"। यूरोपीय और एशियाई देशों ने भी संकेत दिया है कि वे विवादास्पद फैसलों के संभावित स्थायी प्रभावों का अध्ययन कर रहे हैं, और ऐसे में वैश्विक स्तर पर कूटनीति, व्यापार संगठन और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों में व्यापक बहस की संभावनाएँ बन रही हैं। वेनेजुएला प्रकरण से वैश्विक प्रतिक्रिया ट्रम्प प्रशासन ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार करके अमेरिका ले जाने का दावा किया, जिससे अंतरराष्ट्रीय क़ानून, संप्रभुता और शक्ति संतुलन पर तीखी बहस छिड़ गई है। कई देशों ने इसे वैश्विक हस्तक्षेप के रूप में देखा, और अमेरिका-विरोधी राष्ट्रों में चिंता और नाराज़गी बढ़ी है। यह कदम संकेत देता है कि अमेरिकी नीति अब केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रही बल्कि औपनिवेशिक-जनित दबाव, सैन्य हस्तक्षेप और विरोधी राज्यों पर कड़ा रुख अपनाने की दिशा में अग्रसर है। अमेरिका अगर सैन्य कदम उठता है, तो परिणाम मानवीय संकट, स्थानीय प्रतिरोध, ईंधन की कीमतों में वृद्धि, निवेश प्रवाह में गिरावट और वैश्विक सुरक्षा ढाँचे में तीव्र अस्थिरता हो सकते हैं। इसके अलावा, ईरान का उत्तरदायित्व, बातचीत के दरवाज़े खोलने की संभावना और स्थानीय प्रदर्शनकारी समूहों की भूमिका भी मध्य-पूर्व के भविष्य को आकार दे रहे हैं। ट्रंप प्रशासन की नीतियाँ, आर्थिक कठोरता, सैन्य विकल्पों की संभावना और कूटनीतिक तनाव ने वैश्विक शक्ति संतुलन को चुनौती दी है।

# अनुशासन, त्याग और पराक्रम का उत्सव-भारतीय थल सेना दिवस



सुनील कुमार महला

*पाठकों को बताता चलूं कि भारतीय थल सेना विश्व की सबसे बड़ी स्वैच्छिक (वॉलंटरी) सेना मानी जाती है, जहाँ सैनिकों की भर्ती पूरी तरह स्वेच्छा से होती है।*

हर वर्ष 15 जनवरी को भारतीय थल सेना दिवस (इंडियन आर्मी डे) मनाया जाता है। वास्तव में, यह दिन भारतीय सेना के गौरव, शौर्य, अनुशासन और उन वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान को समर्पित है, जो देश की सीमाओं पर खड़े होकर राष्ट्र की रक्षा करते हैं। यह केवल एक उत्सव मात्र नहीं है, बल्कि यह भारतीय सैन्य इतिहास के एक निर्णायक क्षण की स्मृति भी है। दरअसल, 15 जनवरी 1949 को लेफ्टिनेंट जनरल के.एम. करिअप्पा ने भारत के पहले भारतीय सेनाध्यक्ष (प्रथम भारतीय कमांडर-इन-चीफ) के रूप में कार्यभार संभाला था। उस समय ब्रिटिश जनरल फ्रांसिस बुचर ने उन्हें औपचारिक रूप से यह पद सौंपा था। यह क्षण भारत की सैन्य संप्रभुता, आत्मनिर्भरता और औपनिवेशिक विरासत से मुक्ति का प्रतीक माना जाता है। बाद में, वर्ष 1986 में के. एम. करिअप्पा को उनके अतुलनीय योगदान के लिए फील्ड मार्शल की मानद उपाधि प्रदान की गई।स्वतंत्रता के बाद प्रारंभ में सेना दिवस 1 अप्रैल को मनाने का विचार किया गया था, किंतु ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए 15 जनवरी की तिथि को स्थायी रूप से निर्धारित किया गया। शुरुआती वर्षों में सेना दिवस के कार्यक्रम सीमित रूप से विभिन्न सैन्य छावनियों में आयोजित होते थे, जबकि भव्य सार्वजनिक परेड और औपचारिक समारोहों की परंपरा बाद के वर्षों में विकसित हुई। आज सेना दिवस के अवसर पर दिल्ली या चयनित शहरों के परेड ग्राउंड में शानदार सैन्य परेड आयोजित की जाती है तथा इसमें सेना अपने आधुनिक हथियारों, टैंकों, मिसाइलों, राडार प्रणालियों और युद्ध कौशल का प्रदर्शन करती है। इसके साथ ही वीरता पुरस्कार, जैसे सेना मेडल, भी प्रदान किए जाते हैं। यह दिन नई सैन्य तकनीकों, युद्ध अभ्यासों और रेजिमेंटल परंपराओं की औपचारिक शुरुआत का भी साक्षी बनता है। पाठकों को बताता चलूं कि भारतीय थल सेना विश्व की सबसे बड़ी स्वैच्छिक (वॉलंटरी) सेना मानी जाती है, जहाँ सैनिकों की भर्ती पूरी तरह स्वेच्छा से होती है और किसी भी प्रकार की जबरन भर्ती की व्यवस्था नहीं है। सैनिकों की संख्या के लिहाज़ से यह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सक्रिय थल सेना है, जिसमें लगभग 14.5 लाख (1.45 मिलियन) से अधिक सक्रिय सैनिक कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 11-12 लाख रिज़र्व सैनिक तथा लगभग 25 लाख अर्धसैनिक बल भी भारत की सुरक्षा व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा हैं। नवम्बर 2025 में ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित लोवी इंस्टीट्यूट ने 'एशिया पॉवर इंडेक्स' जारी किया जिसमें भारत को अमेरिका और चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति घोषित किया है।भारतीय सेना का मुख्य दायित्व देश की स्थल सीमाओं की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा बनाए रखना, आतंकवाद व उग्रवाद से मुकाबला करना तथा आपदा के समय नागरिकों की सहायता करना है। यह सेना दुनिया के सबसे कठिन और ऊँचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर की रक्षा करती है, जो समुद्र तल से लगभग 5000 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है, जहाँ अत्यंत विषम जलवायु परिस्थितियों में भी सैनिक निरंतर तैनात रहते हैं।

## लघुकथा — बढ़ता राजस्थान

### मेरे हिस्से का घर-परिवार

देख संगीता, मैं बाज़ार से यह सलेक्स ले आई हूँ। तुम कल कह रही थी न कि तुम्हारी पीली वाली सलेक्स खराब हो गई है? इसलिए यह ले आई। संगीता के चेहरे पर जरा भी खुशी नहीं आई। उसने पूछा, "कितने की है यह सलेक्स? सासू माँ बोलीं, "छः सौ पचास रुपये की। संगीता खीझकर बोली, "इतनी महँगी सलेक्स लाने की क्या ज़रूरत थी? मुझे नहीं चाहिए। कल वापस कर आइए। सासू माँ का चेहरा उतर गया। "ठीक है," वे धीमे स्वर में बोलीं और उदास मन से अपने कमरे में चली गईं। अभय यह सब देख रहा था। माँ के जाते ही बोला, "तुमने ठीक नहीं किया। सलेक्स रख लेती तो क्या हो जाता! अगर दुकान ने कल वापस न ली तो? माँ फिर बाजार जाएँगी, परेशान होंगी।" संगीता मुस्कुराई, "आप देखते जाइए वे कल बाज़ार नहीं जाएँगी।" अभय कुछ समझ पाता, इससे पहले ही सासू माँ वापस कमरे में आईं। हाथ में वही सलेक्स थी। बोलीं, "बहू, कपड़ा बहुत अच्छा है, तुम इसे रख ही लो। संगीता ने कहा, "ठीक है, रख लेती हूँ लेकिन आगे से मत लाइएगा।" इतना सुनते ही सासू माँ बच्चों की तरह खिल उठीं, फिर बोलीं, "इस रिमझिम को देखो, मेरी एक नहीं सुनती! कल झाड़ू लगाते हुए कोनों में कूड़ा छोड़ दिया था। तुम इसे समझा देना—मेरी बात माने, वरना काम से निकाल दूँगी।" इतना कहकर वे रिमझिम को आवाज़ देती बाहर चली गईं। संगीता रसोई की ओर बढ़ने लगी तो अभय बोला, "जब आखिर में सलेक्स रखनी ही थी तो पहले क्यों नहीं रख ली?" संगीता हँस दी, "पहले रख लेती तो कल कुछ और नया ले आतीं।" अभय बोला, "सच कहूँ, माँ के साथ निभाना आसान नहीं। तभी तो मेरा कोई भाई-बहन उन्हें अपने साथ नहीं रखना चाहता।" संगीता ने पलटकर पूछा, "पर माँ को साथ नहीं रखेंगे तो बच्चों को दादी का प्यार कौन देगा? और वे रहेंगी कहाँ? अभय ने कहा, "फिर तुम दोनों सारा दिन नोकझोंक क्यों करती रहती हो? तुम माँ के हर काम में मीन-मेख निकालती हो। संगीता बोली, "देखिए, बच्चे और बुज़ुर्ग एक जैसे होते हैं।

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# कहीं नकली सरसों तेल तो इस्तेमाल नहीं कर रहे आप? इस 5 आसान ट्रिक्स से मिनटों में लगाएं पता

सरसों का तेल भारतीय रसोई का अहम हिस्सा है। इसका इस्तेमाल खाना पकाने से लेकर अचार बनाने तक में किया जाता है। सरसों के तेल में बना न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि यह हमारी सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। साथ ही, सरसों का तेल हमारी त्वचा और बालों को भी हेल्दी रखता है। सरसों के तेल का सेवन करने से सेहत को कई लाभ मिलते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आजकल मार्केट में मिलावटी नकली सरसों का तेल बेचा जा रहे हैं। यह देखने में एकदम असली तेल की तरह होता है, इसलिए लोग इसकी पहचान नहीं कर पाते हैं। नकली सरसों के तेल का सेवन करने से सेहत को कई नुकसान हो सकते हैं। ऐसे में, आपको यह जरूर पता होना चाहिए कि आप मार्केट से जो सरसों का तेल खरीद रहे हैं, वो असली है या नकली। आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स और ट्रिक्स बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप चुटकियों में मिलावटी सरसों के तेल की पहचान कर सकेंगे। असली सरसों के तेल की खुशबू बहुत तेज होती है। जब इसे गर्म किया जाता है, तो उसमें से धुआं निकलेगा और तीखी गंध आंखों में महसूस होगी। वहीं, मिलावटी सरसों के तेल में से ना ज्यादा धुआं नहीं निकलता है और ना ही आंखों में जलन महसूस नहीं होती है। असली और नकली सरसों के तेल की पहचान आप इसके स्वाद से भी कर सकते हैं। जी हां, असली सरसों का तेल स्वाद में हल्का कड़वा और तीखा होता है। वहीं इसके विपरीत नकली सरसों के तेल में कोई स्वाद नहीं होता है और यह स्वाद में फीका लगता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का सहयोग तो मिलेगा, लेकिन साथ ही काम का दबाव भी बना रहेगा, जिससे थकान महसूस हो सकती है।

### वृष
वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन सुख और संतोष देने वाला रहेगा। घर-परिवार में आपसी तालमेल बना रहेगा और जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने-फिरने की योजना भी बन सकती है।

### मिथुन
मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों और सहयोगियों का पूरा समर्थन मिलेगा, जिससे काम सुचारू रूप से आगे बढ़ेगा। हालांकि काम का दबाव आपको कुछ समय के

### कर्क
कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन मानसिक उलझनों से भरा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए अधिकारियों और सहकर्मियों के साथ तालमेल बनाए।

### सिंह
सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और लंबे समय से अटके काम पूरे हो सकते हैं।

### कन्या
कन्या राशि के लोगों के लिए आज का दिन शुभ और लाभदायक रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और जो लोग बीमार चल रहे थे, उनकी स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा। नौकरी में आप बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

### तुला
तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ और लाभदायक रहने वाला है। आर्थिक लाभ मिलेगा और जीवन में कुछ सकारात्मक बदलाव महसूस होंगे। नौकरी में काम सुचारू रूप से चलेगा और सहकर्मियों तथा मित्रों का सहयोग मिलेगा।

### वृश्चिक
वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन उपलब्धियों से भरा रहेगा। आर्थिक लाभ और मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को सफलता मिल सकती है।

### धनु
धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन सुखद रहेगा, लेकिन आवेश और क्रोध पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा, अन्यथा मानसिक तनाव बढ़ सकता है। नौकरी में आपकी योजनाएं और कार्यकुशलता रंग लाएंगी।

### मकर
मकर राशि के लोगों के लिए आज का दिन शुभ और लाभदायक साबित होगा। आर्थिक लाभ के योग हैं और यदि कोई सरकारी काम अटका हुआ है तो आज प्रयास करने से सफलता मिल सकती है।

### कुंभ
कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रह सकता है। आर्थिक लाभ तो होगा, लेकिन खर्च भी साथ-साथ बना रहेगा। सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकता है।

### मीन
मीन राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन विशेष रूप से शुभ और लाभदायक रहेगा। कार्यक्षेत्र में अनुकूल वातावरण बना रहेगा और नौकरी में आपका प्रभाव तथा सम्मान कायम रहेगा।

## मिठास छुएगी आसमानः पहली बार आयोजित होगा भव्य अमरूद महोत्सव, सजेंगी 200 स्टॉल्स और उमड़ेंगे हजारों किसान

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथंभौर की ऐतिहासिक वादियों और बाघों की दहाड़ के लिए प्रसिद्ध सवाई माधोपुर अब अपनी धरती के 'हरे सोने' यानी अमरूद की मिठास से पूरी दुनिया को सराबोर करने जा रहा है। जिले के 263वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 'पंच गौरव' अभियान के तहत एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है। आगामी 18 और 19 जनवरी 2026 को स्थानीय दशहरा मैदान में जिले के पहले भव्य 'अमरूद महोत्सव एवं उन्नत कृषि तकनीकी मेला' का आयोजन होने जा रहा है। कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित होने वाला यह महोत्सव न केवल किसानों के लिए तकनीक का द्वार खोलेगा, बल्कि सवाई माधोपुर के अमरूद को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा। जिला कलक्टर काना राम के नेतृत्व में प्रशासन ने इस दो दिवसीय आयोजन को लेकर कमर कस ली है। महोत्सव के केंद्र में लगभग 200 स्टॉल्स होंगी, जहाँ अमरूद की प्रदर्शनी के साथ-साथ कृषि यंत्रीकरण, ऑटोमेशन, उद्यानिकी तकनीक और समन्वित खेती का सजीव प्रदर्शन किया जाएगा। इस आयोजन की व्यापकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें टोंक, जयपुर, कोटा, बूंदी, भीलवाड़ा, दौसा और करौली जैसे पड़ोसी जिलों से प्रतिदिन 10 हजार से अधिक किसानों के आने की संभावना है। यह संगम केवल प्रदर्शनी तक सीमित नहीं होगा, बल्कि यहाँ किसान, वैज्ञानिक और व्यापारी एक ही मंच पर नजर आएंगे, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिल सकेगा। महोत्सव का एक प्रमुख आकर्षण 18 जनवरी को आयोजित होने वाली फल-फूल प्रदर्शनी होगी।

## महाकाल की शरण में छिपा पाखंडी बाबा गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले की रवांजना डूंगर थाना पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे पांच हजार रुपये के ईनामी स्थाई वारंटी को उज्जैन के महाकाल क्षेत्र से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह आरोपी पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए 'मोटा बाबा' का चोला ओढक़र अलग-अलग शहरों में अपनी पहचान छिपाकर फरारी काट रहा था। थानाधिकारी दिलीप कुमार वर्मा ने बताया कि कड़ी मशक्कत के बाद इंदौर निवासी यतीत सोनी उर्फ यमगिरी उर्फ मोटा बाबा गुरु जितेंद्र गिरि को धर दबोचा। आरोपी हवाई अड्डे के पीछे, द्वारकापुरी, इंदौर का रहने वाला है, जो वारदात के बाद से ही नाम बदलकर साधु के भेष में छिपता फिर रहा था ! इस सनसनीखेज मामले की शुरुआत 11 सितंबर 2024 को हुई थी, जब परिवादी शंकरलाल ने रवांजना डूंगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी यमगिरी अपने साथी महेश जोशी और विशाल ड्राइवर के साथ शंकरलाल के आश्रम पहुंचा था। रात के अंधेरे में जब आश्रम में सन्नाटा पसरा था, तब इन आरोपियों ने शंकरलाल के सोने का फायदा उठाया और आश्रम में रखे 2 लाख 80 हजार रुपये लेकर रफूचक्कर हो गए। इस शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा नंबर 97/2025 दर्ज कर जांच सहायक उपनिरीक्षक भगवत सिंह को सौंपी थी। हालांकि अन्य आरोपियों के खिलाफ चालान पेश कर दिया गया था, लेकिन मुख्य आरोपी यमगिरी लगातार फरार चल रहा था।

## चाईनीज मांझे से युवक की कटी गर्दन,चेहरे पर हुए गहरे घाव

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** मकर संक्रांति के दिन चाईनीज मांझे की चपेट में आने से एक बाईक सवार युवक की गर्दन कट गई। जिससे वह गंभीररूप से घायल हो गया। घायल को लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार पारस पुत्र रामनारायण बैरवा निवासी श्रवण बैरवा की ढाणी खणदेवत रोड मोटर साईकिल पर सवार होकर अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान राधादामोदरजी के कुण्डों के समीप एक पतंग के चाईनीज मांझा उसकी गर्दन में फंस गया। जिससे वह मोटरसाईकिल सहित नीचे गिर गया। दुर्घटना में मांझे से उसकी गर्दन में गहरा घाव हो गया और मोटरसाईकिल से गिरने से भी उसके चेहरे पर चोट लग गई। गर्दन से काफी खून निकलने लग गया। घटना स्थल पर मौजूद लोगों व राहगिरों ने गंभीर घायल पारस को तुरंत राजकीय उप जिला अस्पताल निवाई में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने घायल के चेहरे पर हुए गहरे घाव पर पांच टांके लगाकर उसको छूटटी दे दी।

## दाह संस्कार के दौरान लोगों पर मधुमक्खियों ने किया हमला

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** भरकुआं तालाब पर स्थित श्मशान में एक किशोर के दाह संस्कार के दौरान मौजूद लोगों पर अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिससे करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शी टल्या शर्मा एवं लोकेश पारीक ने बताया कि कायस्थों का मोहल्ला निवासी तरुण पुत्र सत्यनारायण सेन काफी समय से किडनी से बीमार चल रहा था जिसकी बुधवार को मौत हो गई। जिसका भरकुआं तालाब पर स्थित श्मशान में दाह संस्कार किया जा रहा था। इसी दौरान मौजूद लोगों पर अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिससे चिराग शर्मा, विष्णु सेन, कपिल करनानी, चेतन सेन, प्रवीण जैन, लविश शर्मा, राजकुमार करनानी, उदय पारीक, तनिष्क स्वामी, विजय सेन, शुभम पारीक, नवरत्न माली, रतनलाल, अजय, रामअवतार व भावेश करनानी सहित करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए। जिनको उप जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार करके छूटटी दे दी।

## मकर संक्रांति पर गौसेवा में हुआ पुण्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आशाराम गौशाला में श्री योग वेदांत सेवा समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा गौसेवा का पुण्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गौमाताओं को गुड़ एवं हरा चारा खिलाया गया। कार्यक्रम में समिति के सक्रिय कार्यकर्ता एवं सेवाभावीजनों ने बढ़-चढकर भाग लिया। इस अवसर पर किशोर गिड़वानी, सुरेश राजवानी, कैलाश शर्मा, सत्यनारायण नामा, बबलू, कैलाश अग्रवाल व सुनील जांगिड़ सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### मकर संक्रांति पर ऐतिहासिक दड़ा महोत्सव खेल प्रतियोगिता आयोजित

# प्रदेश में ना अकाल का भय होगा और ना ही सुकाल रहेगा

बढ़ता राजस्थान

**देवली(गोविंद सिंह सेठी)।** देवली उपखंड के आवां कस्बे में मकर संक्रांति पर ऐतिहासिक दड़ा महोत्सव खेल प्रतियोगिता बुधवार को आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में खिलाडियों और दर्शकों मे.भारी उत्साह और रोमांच देखने को मिला आपको बता दें कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे पूर्व रियासत से जुड़े सदस्य दरबार आदित्य सिंह ने 80 किलो वजनी जूट की गेंद यानी के (दड़ा) को गढ़ के चौक में रखकर दड़ा खेल प्रतियोगिता शुरू करवाई

ऐसे में आपको यह भी बता दें कि आवा कस्बे में खेले जाने वाली यह प्रतियोगिता धार्मिक आस्था के साथ-साथ..अकाल और सुकाल की भविष्यवाणी भी करती है. वह ऐसे की इस पारंपरिक प्रतियोगिता में



दो टीमें आपस में खेलती है,, ऐसे में एक टीम 80 किलो वजनी बॉल को, सुकाल द्वार तक ले जाने में अपना दमखम लगाती है । तो वहीं दूसरी टीम दडा बॉल को अकाल द्वार तक ले जाने की और मशक्कत करती है, सदियों से चल रहे इस अनूठे खेल को देखने और खेलने के लिए कस्बे के चौक में हजारों की संख्या में लोग उमड़ पढ़ते हैं इस प्रतियोगिता की शुरुआत आवा कस्बे के.गोपाल मंदिर के सामने हुई इस प्रतियोगिता मे करीब 5 हजार खिलाडियों ने भाग लिया। तो वही देखने को यह



भी मिला कि हजारों की तादाद दडा खेल रहे खिलाडियों मे भारी-भरकम गेंद पर कब्जा करने की जबरदस्त होड़ मची रही , इस भीड़ को देखने के लिए घरों की छतों पर खड़े हजारों दर्शकों ने तालियों और हूटिंग के साथ खिलाडियों जमकर हौसला अफजाई की । यह प्रतियोगिता करीब ढाई घंटे तक चली और खिलाडियों के कड़े मुकाबले के बाद दड़ा न तो अखनिया गेट की ओर जा सका और न ही दूनी दरवाजे के गोलपोस्ट तक पहुंच पाया। लिहाजा गेंद गढ़ के चौक में ही रुक गई।, ऐसे में क्षेत्र वासियों का यह मानना रहा की। 2026 का यह वर्ष ना अकाल ग्रस्त और ना ही पूरी तरह सुकाल रहेगा,, यानी कि यह वर्ष सामान्य ही रहेगा,, लोक मान्यता के अनुसार, यदि गेंद अखनिया गेट की तरफ जाती है तो अकाल की आशंका रहती है। ऐसे में अगर गेंद का दूनी दरवाजे की ओर जाती तो सुकाल यानी अच्छी बारिश की संभावना होती है। ऐसे मे गेंद के बीच चौक में ही थमने से ज्योतिषीय और लोक मान्यताओं के आधार पर यह संकेत निकला है कि 2026 प्रदेश के लिए सामान्य रहेगा, जिसमें न अकाल का भय होगा और न ही अतिवृष्टि का। इस पारंपरिक खेल के दौरान देवली डीएसपी हेमराज जाट और दूनी थाना प्रभारी रतन सिंह पुलिस. मये जाप्ते के साथ मौजूद रहे थे। जिन्होंने कानून व्यवस्था माकूल बनाई रखी।

## सौगात : नववर्ष में 13 नई रोडवेज बसों की सौगात जल्द, यात्रियों को मिलेगी राहत

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** लंबे समय से बसों की कमी से जूझ रहे सवाईमाधोपुर रोडवेज डिपो को अब बड़ी सौगात मिलने जा रही है। जयपुर मुख्यालय से 13 नई बसें जल्द ही डिपो को आवंटित की जाएंगी। इससे न केवल रोडवेज बेड़े की संख्या बढ़ेगी, बल्कि त्योहारों के दौरान यात्रियों को सीट के लिए होने वाली मारामारी से भी राहत मिलेगी। नई बसों के आने से यात्रियों का सफर अधिक आरामदायक होगा और डिपो की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। वहीं होली, दिवाली और रक्षाबंधन जैसे प्रमुख त्योहारों पर अब यात्रियों को बसों के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। नई बसों के आगमन से भीड़भाड़ कम होगी और परिवार के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी। महिला-पुरुष यात्रियों के लिए यह राहत भरी खबर है।

**वर्तमान में 34 बसें, जल्द होंगी 47**

वर्तमान में सवाईमाधोपुर रोडवेज डिपो से 34 बसें संचालित हो रही



हैं। नई 13 बसें जुडने के बाद यह संख्या बढक़र 47 हो जाएगी। इससे नियमित यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। बसों की कमी के कारण यात्रियों को निजी वाहनों या अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ता था, लेकिन अब रोडवेज सेवाएं अधिक सुलभ होंगी।

**होगा राजस्व लाभ**

नई बसों के जुडऩे से यात्रियों की संख्या बढ़ेगी, जिससे रोडवेज को भी राजस्व लाभ होगा। अभी तक बसों की कमी के चलते कई यात्री निजी बसों या अन्य साधनों से सफर करने को मजबूर थे। बेड़े के विस्तार से कर्मचारियों में भी उत्साह का माहौल बनेगा।

**इनका कहना है**

जयपुर मुख्यालय से आगामी दिनों में 13 नई बसें प्राप्त होंगी। बसों के आने के बाद उनके रूट तय किए जाएंगे। त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रूटों का चयन किया जाएगा, ताकि अधिकतम लोगों को लाभ मिल सके।

-पीयूष जैन, मुख्य प्रबंधक, सवाईमाधोपुर डिपो

## रणथंभौर: मुकुंदरा गया बाघ टी-2508 तो भाई ने अब पर्यटन जोन में बनाया नया आशियाना

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथम्भौर में बाघों की युवा पीढ़ी अब अपने लिए नया इलाका तलाशने में जुट गई है। इसी क्रम में बाघिन टी-93 की संतान बाघ टी-2507 भी रणथम्भौर में अपनी टेरेटरी बनाने की कोशिश कर रहा है। इससे पहले वन विभाग ने इसके भाई बाघ टी-2508 को नॉन टूरिज्म क्षेत्र लाहपुर से कोटा के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व शिफ्ट किया था। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह की पारी में पार्क भ्रमण पर गए पर्यटकों को पहली बार जोन-2 में खेमचा कुंड के पास बाघ टी-2507 के दीदार हुए। इससे पहले सुबह के समय यह बाघ त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर भी पर्यटकों और श्रद्धालुओं को नजर आया था।

**संघर्ष की आशंका बढ़ी**

रणथम्भौर में वर्तमान में युवा बाघ-बाघिनों की संख्या बढ़ रही है और वे अपने लिए सुरक्षित इलाका तलाश रहे हैं। इसी कारण कई बाघ नॉन टूरिज्म क्षेत्र से निकलकर



टूरिज्म जोनों की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसे में इलाकाई वर्चस्व को लेकर बाघों के बीच संघर्ष की आशंका एक बार फिर बढ़ गई है।

**जोन-2 में जगह बनाना चुनौती**

वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार रणथम्भौर के जोन-2 में पहले से ही बाघिन टी-105 (नूरी), बाघ टी-120 (गणेश), बाघिन रिद्धी (टी-124), बाघ टी-101 सहित कई बाघ-बाघिनों का नियमित विचरण है। ऐसे में नए बाघ के लिए इस क्षेत्र में स्थायी रूप से जगह बनाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

## माण्डकलां नगरफोर्ट के कीर, कहार, केवट, कश्यप और मेहरा समुदायों की स्वजातीय पंच व मंदिर निर्माण समिति की रखी बैठक

बढ़ता राजस्थान

**टोंक / नगरफोर्ट (कमलेश गौतम)।** राजस्थान का पर्यटक स्थल व मीनी पुष्कर एवं मांडप ऋषि की तपोभूमि के नाम से विश्व प्रसिद्ध व टोक जिले का पवित्र सरोवर माण्डकलां सगरफोर्ट में कीर, कहार, केवट, कश्यप और मेहरा स्वजातीय समाज मंदिर निर्माण कमेटी की बैठक मुख्य संरक्षक बजरंग लाल मेहरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। समिति के संयोजक किशन लाल कहार व्याख्याता ने बताया की माण्डकला के पवित्र सरोवर के तट पर स्थित सगुरु कालू बाबा के मंदिर पर कौर, कहार, केवट, कश्यप और मेहरा स्वजातीय समाज के पंच व मंदिर निर्माण में सहयोग करने वाले वरिष्ठ व श्रेष्ठ समाजसेवियों की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिधि के रूप में समाज के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निजी सचिव हरिनंद कहार कोटा ने शिरकत की इस बैठक में सर्वसम्मति से माण्डकला नगरपोर्ट में निर्माणाधीन मुख्य मंदिर की दूसरी मंजिल पर कार्य चल रहा है उसे पूर्ण करवाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई और पूर्व की बैठक दिनांक 6 जुलाई 2025 में लिए गए निर्णय के अनुसार माण्डकलां नगरफोर्ट में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा दशमी के पावन पर्व 25 मई 2026 को भव्य व विशाल एवं ऐतिहासिक चतुर्व सामूहिक विवाह सम्मेलन यधावत करने का निर्णय लिया गया तथा समिति का आय व्यय भी पेश किया गया।

## कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी की जन सुनवाई में उमड़ा जनसैलाब, ग्रामीणों ने रखीं बुनियादी समस्याएं

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह/टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** उपखंड क्षेत्र के भासू गांव में बुधवार को कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने ग्रामीणों के बीच बैठकर जन सुनवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सुनवाई में पहुंचे और अपनी समस्याएं मंत्री के समक्ष खुलकर रखीं। ग्रामीणों ने नाली निर्माण, सीसी रोड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने, आवासीय पट्टे जारी करने, अतिक्रमण हटवाने, तालाबों के सौंदर्यीकरण व फेस वॉल निर्माण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) की स्थापना तथा सामुदायिक भवन निर्माण सहित अन्य मूलभूत समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। जन सुनवाई के दौरान मंत्री चौधरी



ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए और विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही अतिक्रमण व लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के आदेश भी दिए। इस अवसर पर एसडीएम अमित चौधरी, तहसीलदार राहुल पारीक, एईएन पीडब्ल्यूडी रोहन मीणा, जेईएन मनीराम जाट सहित उपखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। जन सुनवाई में ग्रामीण रामदेव कुमावत, पंडित चेतन शर्मा, किशन लाल खटीक, गोपाल माली,कालूराम गुर्जर, छोटू लाल माली, सुरेश बागवाल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणो की भागीदारी रही, जिससे प्रशासनिक अमले को जमीनी समस्याओं की स्पष्ट जानकारी मिल सकी।

## सैनी प्रीमियर लीग 2026 का भव्य समापन, श्री मंगलम चोमू बनी विजेता

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** जिला मुख्यालय के डाइट रोड काला कुआं मैदान में सैनी प्रीमियर लीग 2026 का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। फाइनल मुकाबले में श्री मंगलम चोमू की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि इलेवन स्टार सोलंगपुरा की टीम उपविजेता रही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कमलेश सिंगोदिया, रमेश कोतवाल, जिला महासचिव कांग्रेस एवं पार्षद राहुल सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान दास सैनी, बहीर मंडल अध्यक्ष कांग्रेस राम अवतार टाक तथा रामप्रसाद बागड़ी मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्य




अतिथि कमलेश सिंगोदिया ने अपने संबोधन में कहा कि क्रिकेट जैसे खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलता है और खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। आयोजकों ने सफल आयोजन के लिए सभी खिलाडियों, दर्शकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। सैनी प्रीमियर लीग 2026 का समापन खेल भावना और उत्साह के साथ किया गया।

## मकर संक्रांति पर जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने की गौ सेवा

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** दान एवं सूर्योपासना के महापर्व मकर संक्रांति के पावन अवसर पर टोडारायसिंह कस्बे स्थित श्री गणेश गौशाला सेवा संस्थान में गौ माता मीठे भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने पहुंचकर गौ सेवा की तथा गौशाला परिसर में गायों को मीठी लापसी एवं हरा चारा खिलाया। कैबिनेट मंत्री चौधरी ने जयपुर से पधारे संत महेश दास महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, आरोग्यता एवं कल्याण की कामना की। उन्होंने गौ सेवा को भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा बताते हुए ऐसे आयोजनों को



समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर श्री गणेश गौशाला सेवा संस्थान के अध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर, पूर्व अध्यक्ष संत कुमार जैन, पालिकाध्यक्ष भरतलाल सैनी, कोषाध्यक्ष बुद्धि प्रकाश शर्मा, सह सचिव रामअवतार शर्मा सहित आलोक शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, प्रेम प्रकाश उपाध्याय, जितेंद्र मोदी, करुणा निधि शर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष सुनील भारत शर्मा, उज्जवल गौतम (तोषी), मोर मंडल अध्यक्ष राजेश मीणा, लाभचंद चावला, महावीर धाकड़, प्रहलाद फौजी, जगदीश मोड़किया, आशाराम गुर्जर, भेरूलाल कुम्हार, सुरेश लाठी, कमलेश शर्मा (खरेड़ा वाले), प्रहलाद चावला, बाबूलाल गुर्जर तथा श्रीराम नगर युवा परिषद के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गौशाला सदस्य उपस्थित रहे।

# कलक्टर ने किया पिनान सीएचसी, स्वीकृत ट्रोमा सेंटर एवं बगड राजपूत में नरेगा व चारागाह विकास कार्य का निरीक्षण

## पिनान ट्रोमा सेंटर बनने से एक्सप्रेस हाईवे पर दुर्घटना मरीजों को मिल सकेगा तत्काल उपचार

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बुधवार को दौरा कर पिनान में सीएचसी, ट्रोमा सेंटर की व्यवस्था तथा बगड राजपूत में नरेगा कार्य एवं वाटरशेड के पीएमकेएसवाई योजना के चारागाह विकास के अंतर्गत कराए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



जिला कलक्टर ने पिनान सीएचसी निरीक्षण के दौरान सीएचसी परिसर में ही डेढ करोड रूपये की लागत राशि से स्वीकृत ट्रोमा सेंटर की भूमि का निरीक्षण कर ट्रोमा सेंटर के निर्माण कार्य को शुरू करने में विलम्ब होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सीएचओ को निर्देश दिये कि ट्रोमा सेंटर का निर्माण कार्य शीघ्रातिशीघ्र प्रारम्भ करावे तथा निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे। साथ ही इसका संचालन सुव्यवस्थित तरीके से करावे, ताकि एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटना की स्थिति में मरीजों का उपचार कर उनको तत्काल राहत प्रदान की जा सके। उन्होंने सीएचसी में लेबर रूम वार्ड, ओपीडी, एक्स-रे लैब आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि सीएचसी में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखे। उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मां) योजना के तहत अधिकाधिक मरीजों के पैकेज बुक करें, जिससे सीएचसी की आय में इजाफा हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सालय परिसर एवं शौचालयों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर दवा, इलाज सहित सीएचसी की सुविधाओं का फीडबैक लिया, जिस पर मरीजों एवं उनके परिजनों ने सीएचसी की सभी सुविधाओं के प्रति संतुष्टि जाहिर की। जिला कलक्टर ने बगड राजपूत में प्रधानमंत्री कृषि विकास योजना के तहत कराए जा रहे चारागाह विकास कार्य एवं नरेगा के तहत कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्माण कार्य में गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपयोग में ली जावे। उन्होंने वाटरशेड द्वारा पीएमकेएसवाई 2.0 के अंतर्गत 32 लाख रूपये की स्वीकृत राशि से कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि चारागाह में नर्सरी को विकसित किये जाने एवं चौकीदार हट पर पेंटिग का कार्य पुनः करवाये तथा सौलर पम्प से चारागाह में पानी की व्यवस्था सुचारू रूप में संचालित की जावे। उन्होंने विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि वाटरशेड विभाग से समन्वय कर चारागाह में निर्मित तालाब में मछली पालन का कार्य शुरू करावे। उन्होंने नरेगा योजनान्तर्गत बगड राजपूत से गूंगडोद तक कराए जा रहे नाला खुदाई कार्य निरीक्षण कर निर्देश दिये कि नाला खुदाई का कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूर्ण किया जावे। साथ ही शेष भूमि पर भी प्लांटटेशन एवं चारागाह विकास का कार्य करवाये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने सार्वजनिक उद्यान विकास कार्य के तहत कराए गए प्लांटटेशन, खाल फेसिंग एवं लेवलिग के कार्य का अवलोकन कर विकास अधिकारी रामगढ को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत द्वारा एसएफसी/एफएफसी योजना में फायर फेसिंग का कार्य करावे तथा क्षतिग्रस्त पौधों को पुनः पौधारोपण कराने एवं शेष भूमि पर मियावाकी पद्धति से प्लांटटेशन कराने, पाथवे एवं ग्रीनरी करवाकर उद्यान को विकसित करावे।

इस दौरान सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, उपखण्ड अधिकारी रैणी हरकेश मीणा, वाटरशेड विभाग के अधीक्षण अभियन्ता नरेन्द्र सिंह मौथू, अधिशासी अभियन्ता मनरेगा नरेन्द्र कुमार लाखीवाल, तहसीलदार कैलाश चंद मेहरा, अधिशाषी अभियन्ता वाटरशेड प्रहलाद मीणा, विकास अधिकारी रामगढ विजय कुमार भाल, सीएचसी प्रभारी डॉ. संजय द्विवेदी, डॉ. मनोज मीणा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति का पर्व बड़े धूम-धाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया



बढ़ता राजस्थान

राजगढ़(अलवर)। कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर ,और गोविंद देव जी मंदिर सहित अन्य मंदिर में मकर संक्रांति का पर्व बड़े ही हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया जगन्नाथ मंदिर के महंत पूर्ण दास ,पंडित मदन मोहन शास्त्री ने बताया कि सूर्य के उत्तरायण मकर राशि में प्रवेश होने के साथ ही इस दिन दान पुण्य करने का बड़ा विशेष विशेष महत्वता है सुबह से ही भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर भगवान श्री जगन्नाथ , खाटू श्याम बाबा ,गोविंद देव जी महाराज के दर्शन कर धर्म लाभ कमाया लोगों ने मंदिर खिचड़ी ,गुड़ ,तिल के लड् ,आदि वस्तुओं का दान किया, कहते हैं आज के दिन ही सगर के 60000 पुत्रों को गंगा नदी में ध्मोक्ष प्राप्त हुआ ,साथ ही भीष्म पिता मह में को आज के दिन ही मोक्ष की प्राप्ति हुई, साथ ही देवताओं के प्रथम दिवस आज ही मनाया जाता है धार्मिक स्थान पर स्नान करना सूर्य को अर्ध देना आदि इस मकर संक्रांति के पर्व पर बड़ा ही विशेष महत्व रूप मनाया गया साथ ही आज मकर संक्रांति पर पर एकादशी तिथि का भी सहयोग हुआ लोगों ने एकादशी तिथि का व्रत किया और साथ ही धर्म पुण्य का कार्य आज 14 जनवरी और 15 जनवरी दोनों दिन ही मकर संक्रांति पर्व मनाया जाएगा किया जाएगा इस मौके पर मंदिर महंत पूर्ण दास,पंडित मदन मोहन शास्त्री, पंडित रोहित शर्मा, गायत्री देवी ,मुकुल बढ़ाया ,महेंद्र प्रसाद तिवारी एडवोकेट, कन्हैयालाल लखेरा, हरिओम गुप्ता, मयूर खंडेलवाल, सहित आदि मौजूद रहे।

## सीएमएचओ ने किया शहरी आयुष्मान आरोग्य केन्द्र का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

राजसमंद(सुरेश बागोरा)। सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन स्थित शहरी आयुष्मान आरोग्य केन्द्र का औचक निरीक्षण कर वहां आमजन को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया। सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने गैर संचारी रोगो की रोकथाम के लिये 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो की शत प्रतिशत हेल्थ स्क्रीनिंग करने, टी.बी स्क्रीनिंग कर संभावित रोगियों की जांच करने के लिये निर्देशित किया। उन्होंने लाडो योजना के तहत क्षेत्र में वंचित लाभार्थियो के आवश्यक दस्तावेज पूरे कर तत्काल भुगतान के लिये निर्देशित किया। उन्होंने क्षेत्र में प्रत्येक व्यक्ति के आभा आईडी बनाने के लिये निर्देशित किया तथा सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमो की नियमित समीक्षा करने के निर्देशित किया।

## विद्यालय में जीवन विज्ञान योग प्रयोग -जीवन की सुरक्षा के लिए मंत्र योग आवश्यक- मुनि प्रकाशकुमार



बढ़ता राजस्थान

राजसमंद(सुरेश बागोरा)। रा. उ. मा. कन्या विद्यालय में आचार्य महाश्रमण के शिष्य मुनि प्रकाश कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो देखना आवश्यक न हो, उसे न देखने से नेत्रों की ज्योति बढ़ती है। जो बोलना आवश्यक न हो, उसे न बोलने से वाणी की शक्ति बढ़ती है। जिसका अपना इष्ट प्रबल होता है, उसकी सुरक्षा स्वत: होती है। परीक्षा में सफलता के लिए स्वर विज्ञान के नियमों को जानना आवश्यक है। करीब 22 देशों में ध्यान एवं योग का प्रचार करने वाले मुनि सिद्धप्रज्ञ ने कहा कि जो विद्यार्थी प्रारंभ से ही अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करता है, वह एक दिन अवश्य अपने लक्ष्य में सफल होता है। जीवन विज्ञान के प्रयोगों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है।मुनि श्री ने लेखनी को सुंदर बनाने एवं स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए सरल योग प्रयोग भी करवाए।कार्यक्रम का सफल आयोजन तेरापंथ युवक परिषद, भिक्षु नगर केलवा द्वारा किया गया। महिला मंडल की बहनों ने अनुव्रत गीत का सुमधुर गायन किया। कार्यक्रम में मैडम पूनम चौधरी ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा डालचंद कुमावत ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सभा मंत्री ललित मेहता तेयुप अध्यक्ष राजेश गांग, मंत्री निखिल कोठारी, विकास बोहरा, मुकेश कोठारी, भावेश मेहता सुनील कोठारी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन महिला मंडल अध्यक्षा श्रीमती रत्ना कोठारी के मार्गदर्शन में किया गया।

### रेडक्रॉस की प्रेरणा से बचाई गई गर्भवती महिला की जान

## दुर्लभ 'ओ नेगेटिव'रक्तदाताओं ने आधी रात को किया रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद(सुरेश बागोरा)। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा की सजगता और मानवतावादी प्रयासों के चलते बीती रात आर.के. राजकीय चिकित्सालय में एक गर्भवती महिला को नया जीवन मिला। आपातकालीन स्थिति में जब महिला को अति दुर्लभ 'ओ नेगेटिव' रक्त की सख्त जरूरत पड़ी, तो रेडक्रॉस की एक अपील पर रक्तदाता पूर्णा शंकर बागोरा, दुर्गा शंकर पालीवाल और नियमित रक्तदाता शिक्षक मदनलाल कुमावत तुरंत ब्लड सेंटर पहुंच गए। इन रक्तवीरों ने बिना समय गंवाए रक्तदान कर महिला की जान बचाई और समाज के सामने सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। इसके अलावा शिक्षक मदनलाल कुमावत ने भी 15वीं बार रक्तदान कर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। रेडक्रॉस जिला शाखा के



मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलेक्टर एवं प्रेसिडेंट अरुण कुमार हसीजा की प्रेरणा तथा चेयरमैन कुलदीप शर्मा के निर्देशन में जिले में 'रक्तदान करो जीवन बचाओ' मुहिम को गति दी जा रही है। इसी अभियान के तहत आपातकालीन समय में भी रक्तदाता एक कॉल पर अस्पताल पहुंचने के लिए तत्पर रहते हैं। प्रवक्ता सुरेश भाट ने इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में फैली भ्रांतियों पर चिंता जताते हुए कहा कि अक्सर गांव के युवा रक्तदान से पीछे हट जाते हैं, जिसे दूर करने के लिए प्रशासन द्वारा गांव-गांव में जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में रक्त की कमी आड़े न आए। इस सेवा कार्य के दौरान संयुक्त सचिव दीपचंद गाडरी, डॉ. एम.पी. मीणा, टेक्नीशियन युगलकिशोर, किशोरी पालीवाल, मुकेश कुमावत, राधेश्याम सुखवाल और दीपक रैगर सहित चिकित्सा टीम मौजूद रही। रेडक्रॉस सोसायटी ने अंत में आमजन से अपील की है कि 45 किलो से अधिक वजन और 12.5 ग्राम से अधिक हीमोग्लोबिन वाले स्वस्थ व्यक्ति नियमित रूप से रक्तदान करें ताकि जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके।

### मकर संक्रांति पर गौशालाओं में उमड़ा दान-पुण्य का सैलाब

## श्री धेनु गोपाल गौशाला सियाणा व श्री राधे गोविंद गौशाला सादड़ा में श्रद्धालुओं ने किया तुलादान, गोग्रास व अन्नदान

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद(सुरेश बागोरा)। पावन पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर क्षेत्र की गौशालाओं में श्रद्धा और सेवा का अनुपम दृश्य देखने को मिला। श्री धेनु गोपाल गौशाला, सियाणा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दाने-पुण्य, तुलादान, गोग्रास, अन्नदान एवं अन्य धार्मिक दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गौमाताओं को हरा चारा, गुड़, चना, बाजरा सहित पोषक आहार अर्पित किया। गौसेवा के तहत कई दानदाताओं ने गोबर तोड़ (गोवर्धन परिक्रमा/गोबर सेवा) के माध्यम से श्रमदान करते हुए गौशाला परिसर की साफ-सफाई व व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी निभाई। पूरे वातावरण में गौमाता की जय के जयकारे गूंजते रहे।इसी क्रम में श्री राधे गोविंद गौशाला, सादड़ा में भी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां



भी लोगों ने दान-पुण्य, गोग्रास एवं अन्नदान कर गौसेवा की। गौशाला प्रबंधन ने सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि ऐसे आयोजनों से गौसंरक्षण एवं गौसंवर्धन को नई ऊर्जा मिलती है।गौशाला पदाधिकारियों ने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पर्व समाज में सेवा, सद्भाव और धार्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं और सभी श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण वातावरण में पुण्य कार्य संपन्न किए।

## घर का कमरा बंद कर युवक ने लगाई फांसी,मौत:कारणों का पता नहीं लग सका,दो बच्चों का बाप था मृतक

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। अलवर जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमरैण में 30 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान अमरीश पुत्र खुशीराम, उम्र करीब 30 वर्ष, निवासी ग्राम उमरैण के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मृतक के चाचा के लडक़े अमित शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि अमरीश आज शाम के समय अपने घर में मौजूद था। इसी दौरान अज्ञात कारणों के चलते उसने घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों ने उसे काफी देर तक बाहर नहीं देखा तो आवाज दी गई, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद परिजन अंदर पहुंचे तो अमरीश फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना के बाद परिजन मृतक को अलवर जिला अस्पताल लेकर आए। जहां पर युवक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों के अनुसार मृतक अमरीश पेशे से प्लंबर का कार्य करता था और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।

### घायल पक्षियों का आशियाना बनी डब्ल्यू सी ओ संस्था

## मकर संक्रांति पर पतंगबाजी के बीच नि:शुल्क पक्षी चिकित्सा शिविर,ओमप्रकाश सैन 'पिंटी' के प्रयासों की सराहना

बढ़ता राजस्थान

फुलेरा (नि.स.)। मकर संक्रांति के पर्व पर जहां एक ओर नगर में बच्चों और युवाओं द्वारा घरों की छतों पर पतंगबाजी के दौरान वो काटा-वो मारा का शोर गूंजता रहा, वहीं दूसरी ओर कुछ पशु-पक्षी प्रेमियों ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए घायल पक्षियों की सेवा का संकल्प लिया। इसी क्रम में कस्बे में वाइल्ड लाइफ करिएचर ऑर्गेनाइजेशन संस्था की ओर से निःशुल्क पक्षी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पतंग के मांझे से घायल पक्षियों का उपचार किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन केवल दो



घायल पक्षियों को उपचार हेतु लाया गया। संस्था के सदस्य मोहित शर्मा ने बताया कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार घायल पक्षियों की संख्या काफी कम रही है। यह पक्षी प्रेमियों के लिए एक सुखद संकेत है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आमजन में अब पक्षियों के प्रति जागरूकता बढ़ी है और लोगों ने पतंगबाजी करते समय पक्षियों के हित का ध्यान रखा है। इस निःशुल्क पक्षी चिकित्सा शिविर में पशु चिकित्सालय एवं वन विभाग का भी सराहनीय सहयोग रहा। शिविर में पशु चिकित्सालय से डॉ गणेश गर्ग, डॉ सीताराम नागा, लोकेश, योगेश, हजारी लाल, विष्णु तथा वन विभाग से श्याम शर्मा उपस्थित रहे और घायल पक्षियों के उपचार में सक्रिय भूमिका निभाई। डब्ल्यू सी ओ संस्था के संस्थापक ओमप्रकाश सैन पिंटी के नेतृत्व में संस्था लगातार वन्यजीव एवं पक्षी संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। मकर संक्रांति जैसे पर्व पर, जब पतंगबाजी के कारण पक्षियों के घायल होने की आशंका रहती है, ऐसे समय में चिकित्सा शिविर का आयोजन करना उनकी संवेदनशील सोच और पर्यावरण के प्रति समर्पण को दर्शाता है। उनके इस प्रयास की नगर में व्यापक सराहना की जा रही है।

# 24 श्रेणी पालीवाल नवयुवक मंडल केलवा द्वारा हवन-यज्ञ एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद(सुरेश बागोरा)। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 24 श्रेणी पालीवाल नवयुवक मंडल, केलवा के तत्वावधान में वेदमाता गायत्री मंदिर, अंबावा में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना को लेकर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन-यज्ञ का विधिवत संपादन पंडित मोहनलाल पालीवाल एवं पंडित मनीष पालीवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री राधा माधव वैदिक संस्थान द्वारा आयोजित ब्राह्मण बटुक प्रशिक्षण वैदिक संस्कार शिविर का भी समापन हुआ। शिविर में भाग लेने वाले बालक-बालिकाओं को समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले



जगदीश पालीवाल एवं परमेश्वर पालीवाल की ओर से सम्मानित किया गया। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में नवयुवक मंडल द्वारा क्रिकेट, बैडमिंटन, सितोलिया, कैरम सहित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विजेता टीमों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। 24 श्रेणी पालीवाल समाज सेवा समिति मेवाड़ मुख्यालय खमनोर के अध्यक्ष श्री बद्रीलाल पालीवाल ने उपस्थित बच्चों व युवाओं को आशीर्वाद देते हुए अधिक से अधिक सहभागिता करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी समाज के प्रत्येक कार्य में बढ़-चढक़र भाग ले रही है और सेवा समिति सदैव युवाओं के साथ खड़ी है। भविष्य में भी समाज द्वारा सामूहिक खेलकूद व सामाजिक गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 24 श्रेणी पालीवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष श्री कमलेश पालीवाल ने कहा कि समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं के बीच समन्वय बनाकर संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सशक्त किया जाएगा। कार्यक्रम में 24 श्रेणी पालीवाल समाज सेवा समिति मेवाड़ के अध्यक्ष बद्रीलाल पालीवाल, पूर्व नवयुवक मंडल अध्यक्ष मनीष पालीवाल, पूर्व उपप्रधान भरत पालीवाल सहित समाज के वरिष्ठजन रामचंद्र पालीवाल, मदन काका, गोपाल पालीवाल, भंवर पालीवाल, राजकुमार, प्रियंका, संजय पालीवाल, मुकेश पालीवाल, सत्यनारायण पालीवाल, दीपक पालीवाल, कौशल पालीवाल, अनिल पालीवाल, प्रदीप पालीवाल, राकेश पालीवाल, सागर पालीवाल, गोविंद पालीवाल, तिलकेश पालीवाल, रमेश पालीवाल, मनीष पालीवाल, राहुल पालीवाल, निलेश पालीवाल, विनोद पालीवाल, ओमप्रकाश पालीवाल, आकाश पालीवाल, छायक पालीवाल, गर्वित पालीवाल सहित नवयुवक मंडल के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। अंत में नवयुवक मंडल अध्यक्ष श्री कमलेश पालीवाल ने सभी आगंतुकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## सीएमएचओ ने गोविन्द नगर यूपीएचसी का किया निरीक्षण, विभागीय कार्यक्रमों की प्रगति तेज करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. नरेंद्र नागर ने बुधवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोविन्द नगर का निरीक्षण कर विभिन्न विभागीय कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नि:शुल्क दवा एवं जांच योजना, एएनसी सेवाएं, टीकाकरण, प्रसव सेवाएं, आईएचएमएस तथा एबीडीएम योजना के अंतर्गत बिना कतार पर्ची व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आशा सहयोगिनियों के साथ बैठक कर उनके कार्यों की समीक्षा की तथा इंसेंटिव भुगतान से संबंधित विषयों पर चर्चा की। साथ ही क्षेत्र में समय पर आउटरीच कैंप आयोजित करने, आशा सहयोगिनियों के माध्यम से अधिक से अधिक आभा आईडी बनाने, सी-बेक फॉर्म भरवाने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान एनसीडी स्क्रीनिंग, योग्य दंपति सर्वे तथा टीबी एसीएफ सर्वे के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश संस्थान के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, एएनएम एवं समस्त स्टाफ को दिए गए।

## सिटी पार्क में आयोजित हुआ संभागीय पतंग उत्सव




बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड)।** राज्य सरकार के निर्देशों के तहत मकर संक्रांति के अवसर पर बुधवार को पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वावधान में सिटी पार्क में संभागीय पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों एवं पर्यटकों ने भाग लेकर उत्सव का आनंद लिया। पतंग उत्सव में कोचिंग संस्थानों तथा स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। सिटी पार्क पहुंचे युवाओं को पर्यटन विभाग एवं सिटी पार्क प्रबंधन की ओर से नि:शुल्क पतंगें वितरित की गईं। उत्सव के दौरान सिटी पार्क में चहल-पहल बनी रही और बड़ी संख्या में पर्यटक भी यहां पहुंचे। कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए सिटी पार्क प्रबंधन द्वारा लाइव म्यूजिक की व्यवस्था की गई, वहीं युवाओं के लिए विशेष सेल्फी पॉइंट भी स्थापित किए गए, जहां उन्होंने यादगार तस्वीरें लीं। शाम के समय उत्सव के समापन पर लालटेन काइट उड़ाई गई, जिसने आसमान में मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान, कोटा डिवीजन के पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## मकर सक्रांति के पावन पर्व झोली में 15,500 रुपये एकत्रित



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ / अकलेरा।** दिनांक 14 जनवरी 2026 मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्री गणेश गौशाला उमरिया द्वारा गांव में झोली फैलाई गई इसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र बैलगाड़ी पर छोटी बछड़ी को बिठाया गया। इस प्रोग्राम की विशेषता यह रही कि पूरा गांव हिंदू है यह पशुपालक विभाग के पशुधन सहायक अल्ताफ हुसैन ने जोली पकडऩे में प्रमुख भागीदारी निभाई एक सामाजिक निस्वार्थ का अद्त उदाहरण है,झोली में कुल 15,500 दान प्राप्त हुआ। इसमें उपस्थित प्रशासक अनार सिंह गुर्जर व्यवस्थापक बने सिंह गुर्जर, इंदर सिंह गुर्जर का कानूगो श्याम गुप्ता परसोत्तम खंडेलवाल देव सिंह दांगी भगवान सिंह गुर्जर जुझार सिंह एडवोकेट संपतराज गुर्जर मांगीलाल दांगी हजारीलाल दांगी उदय सिंह गुर्जर देवीलाल गुर्जर फुल दांगी , रोशन गुर्जर कालू गुप्ता कहनीराम दांगी, हरिशंकर अध्यापक,कालू लाल गुर्जर, गांव के सदस्य उपस्थित रहे।

## कथाकुंज साहित्य सेवा परिषद ने मेहताब आलम को विवेकानंद यूथ अवार्ड से नवाजा गया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान के साहित्यिक एवं सामाजिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत कथाकुंज साहित्य सेवा



परिषद ने मेहताब आलम को विवेकानंद यूथ अवार्ड से नवाजा गया है है। मेहताब आलम जोधपुर जिले से संबंधित हैं और साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहे हैं। कथाकुंज साहित्य सेवा परिषद एक ऐसा सशक्त मंच है, जो नवांकुर रचनाकारों को परिवार, समाज और संस्कृति से जोड़ते हुए उनमें सामाजिक व साहित्यिक दायित्वों की भावना विकसित करता है। मेहताब आलम इससे पूर्व भी विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। वे समाज सेवा, सद्भावना, राष्ट्रीयता, सांस्कृतिक चेतना और साहित्यिक मूल्यों के सक्रिय संवाहक के रूप में जाने जाते हैं। अनेक साहित्यिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उन्होंने स्थानीय से लेकर राज्य स्तर तक राजस्थानी संस्कृति के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान दिया है। परिषद को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में साहित्य, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक कार्यों तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा और गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारियों , सदस्यों एवं उनकी बेगम साहिबा नीलोफऱ ने मेहताब आलम को उनके नए विवेकानंद यूथ अवार्डके लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। परिषद का मानना है कि उनकी नेतृत्व क्षमता, सक्रियता और संस्कृति के प्रति गहरी प्रतिबद्धता संगठन की गतिविधियों को प्रदेश में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में हमे विवेकानंद यूथ अवार्ड से नवाजा गया है मेरे लिए गौरव का विषय है। मैं इस दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ करूंगा।

# चम्बल शुद्धिकरण के लिए रंगपुर घाट पर दी गईं आहुतियां

## मकर संक्रांति पर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान



कोटा, (विनोद गौड)। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर चम्बल नदी के शुद्धिकरण और संरक्षण को लेकर रंगपुर घाट पर पर्यावरण प्रेमी नागरिकों ने यज्ञ कर आहुतियां दीं। यह आयोजन चम्बल संसद एवं कौशिक गायत्री परिवार बोरखेड़ा आश्रम के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन आश्रम में आयोजित संगोष्ठी में पर्यावरणविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने चम्बल नदी को शोषण, प्रदूषण, अवैध खनन और शिकार से मुक्त करने का संकल्प लिया। चम्बल संसद के संयोजक बृजेश विजयवर्गीय ने कहा कि चम्बल नदी हमारी जीवन रेखा है, लेकिन आज यह चारों ओर से संकटग्रस्त है। करोड़ों रुपए की लागत से रिवर फ्रंट बना, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में नदी शुद्धिकरण का कार्य अब तक लंबित है। संरक्षक यज्ञदत्त हाड़ा ने बताया कि रंगपुर से कोटा हैंगिंग ब्रिज तक सैकड़ों गंदे नाले चम्बल में गिर रहे हैं, जो नदी को लगातार प्रदूषित कर रहे हैं। वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ. कृष्णेन्द्र सिंह एवं डॉ. किरण चौधरी ने चम्बल को जलीय जीव-जंतुओं का महत्वपूर्ण आवास बताते हुए कहा कि घडियाल जैसे दुर्लभ जीव अब कोटा क्षेत्र से लगभग गायब हो चुके हैं। उन्होंने विकास के नाम पर प्राकृतिक धरोहरों के विनाश पर चिंता जताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता डॉ. आर. सी. साहनी ने कहा कि यदि हमें स्वस्थ रहना है तो चम्बल को स्वच्छ रखना होगा। चम्बल केवल घडियाल अभ्यारण्य नहीं, बल्कि कोटा शहर का प्रमुख पेयजल स्रोत भी है। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी नाला सीधे चम्बल में न गिरे। रामकृष्ण मिशन आश्रम के रमेश कालानी ने कहा कि चम्बल क्षेत्र में रेत खनन कई लोगों की आजीविका का साधन है, लेकिन अवैध खनन मिलीभगत से होता है। नियंत्रित और नियोजित खनन से समस्या का समाधान संभव है। संगोष्ठी में पूर्व पार्षद युधिष्ठिर चानसी, प्रभु लाल साधक, सामाजिक कार्यकर्ता श्याम नामा, मनोज यादव, अर्चना राजावत, एल. एल. डैनी, पूर्व सरपंच पुष्पेन्द्र कुमार सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखे और पर्यावरणविदों का स्वागत किया।

## चित्तौड़गढ़ में अवैध मादक पदार्थों की गुप्त फैक्ट्री का भंडाफोड़, 5.894 किलो मनोप्रभावी पदार्थ जब्त

बढ़ता राजस्थान



**कोटा/चित्तौडग़ढ़।** चित्तौडग़ढ़ जिले में अवैध रूप से मादक पदार्थों का निर्माण किए जाने का बड़ा मामला सामने आया है। केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन), राजस्थान इकाई ने कार्रवाई करते हुए एक गुप्त प्रयोगशाला का पर्दाफाश कर भारी मात्रा में नशीले पदार्थ और रसायन जब्त किए हैं।

सीबीएन को मिली पुख्ता खुफिया सूचना के आधार पर चित्तौडग़ढ़-1, 2, 3 एवं चित्तौडग़ढ़ सेल की संयुक्त टीम ने ग्राम सुरजना से दूर एक एकांत बाड़ा मकान पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान मेफेड्रोन (एमडी) पाउडर, मेफेड्रोन क्रूड, अल्प्राजोलम पाउडर सहित मादक पदार्थों के अवैध निर्माण में प्रयुक्त हाई-टेक प्रयोगशाला उपकरण और बड़ी मात्रा में रसायन बरामद किए गए। अधिकारियों के अनुसार कुल 5.894 किलोग्राम मनोप्रभावी पदार्थ जब्त किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी इसी परिसर में अवैध रूप से मेफेड्रोन का निर्माण कर रहा था और अपने एक सहयोगी के साथ मिलकर इस गुप्त प्रयोगशाला का संचालन कर रहा था। इस मामले में सोनू सिंह उर्फ अकबर, निवासी मंदसौर (मध्यप्रदेश) को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया है। जांच एजेंसी अब कच्चे माल के स्रोत, वित्तीय लेन-देन और नशीले पदार्थों की आपूर्ति से जुड़े नेटवर्क की पड़ताल कर रही है। उल्लेखनीय है कि यह कार्रवाई उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुन्देल, कोटा के मार्गदर्शन में की गई। सीबीएन अधिकारियों का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि युवाओं को नशे की लत से बचाया जा सके।

## श्री सालासर सेवा समिति ने मकर संक्रांति पर की गौसेवा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड)।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्री सालासर सेवा समिति द्वारा बंधा धर्मपुरा स्थित गौशाला में गौसेवा एवं सामाजिक सेवा के कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किए गए। दान-पुण्य के इस महापर्व पर समिति ने गौवंश एवं ग्रामवासियों के लिए विविध सेवा गतिविधियां संचालित कीं।

समिति के महासचिव गोविंद सोनी ने बताया कि इस अवसर पर गौशाला में मौजूद लगभग 2600 गौवंश को समिति की ओर से 1100 किलोग्राम गुड़ एवं दो ट्रॉली हरा चारा खिलाया गया। कार्यक्रम संयोजक बद्री माहेश्वरी ने जानकारी दी कि बंधा धर्मपुरा गांव के ग्रामीणों के लिए विशाल आम भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 700 महिला, पुरुष एवं बच्चों ने प्रसादी ग्रहण की।

सह संयोजक माधवानंद पाराशर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान छोटे बच्चों को नई चप्पल पहनाकर विदा किया गया। वहीं सह संयोजक हेमंत जैन एवं राजू सोनी ने बताया कि समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा पारंपरिक पतंगबाजी कर रंग-बिरंगी पतंगें उड़ाते हुए मकर संक्रांति का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया।

उल्लेखनीय है कि श्री सालासर सेवा समिति पिछले 11 वर्षों से निरंतर यहां गौवंश की सेवा एवं ग्रामवासियों के लिए भंडारे का आयोजन करती आ रही है। कार्यक्रम में समिति के समस्त सदस्य एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

## स्वर्णकार समाज की मांगो को बजट में शामिल करने के लिए सोनी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान



**जजावर(पदम शाह)।** स्थानीय युवा समाज सेवी एवं मेढ क्षत्रिय स्वर्णकार महासभा के बूंदी जिलाध्यक्ष डा दीक्षांत सोनी ने प्रदेश के स्वर्णकार समाज की समस्याओं को लेकर सरकार द्वारा आगामी बजट में कुछ प्रावधान करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर सुझाव प्रेषित किए हैं। जिलाध्यक्ष डॉ.सोनी ने पत्र में लिखा है कि स्वर्णकार समाज के आदि पुरुष महाराजा अजमीढ़ पूर्व के समय में राजस्थान राज्य के अजयमेरू प्रदेश के महाराजा थे जिन्होने अजमेर को बसाया था जो हमें इतिहास में पढऩे को मिलता हैं । इसलिए अजमेर में महाराजा अजमीढ़ के नाम से एक छात्रावास स्वर्णकार समाज के छात्र-छात्राओं के लिए बनाने की घोषणा की जाए।

साथ ही स्वर्णकार समाज के हितार्थ राजस्थान स्वर्णकार शिल्पी उत्थान बोर्ड का प्रदेश में गठन करने की विधानसभा बजट में घोषणा की जाए । सोनी ने बताया कि युग युगांतर से स्वर्णकार समाज सोने चांदी की घड़ाई का कार्य करते आए हैं लेकिन आज तक स्वर्णकार समाज को सरकारी स्तर पर किसी भी प्रकार से सुविधाएं नही मिली इसलिए सरकार इस वर्ग समाज के लिए अन्य जाति समाज के लिए बनाए गए विभिन्न बोर्ड की तरह स्वर्णकार शिल्पी बोर्ड का भी गठन करे ।

## मानव कल्याण समिति द्वारा मकर संक्रांति पर जरूरतमंदों को कंबल वितरण

बढ़ता राजस्थान




**कोटा, (विनोद गौड)।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मानव कल्याण समिति राजस्थान द्वारा सर्द रात्रि में खुले आसमान के नीचे जीवन यापन कर रहे असहाय एवं निशक्तजनों को कंबल वितरित किए गए। समिति ने तालाब की पाल, लक्की बुर्ज, गीता भवन, गुमानपुरा फ्लाईओवर के नीचे सहित विभिन्न स्थानों पर ठंड से ठिठुरते जरूरतमंदों को राहत पहुंचाई। कंबल वितरण कार्यक्रम वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी श्री पंकज मेहता तथा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्री हेमंत विजयवर्गीय के सानिध्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष रमेश विजय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामलाल नामा, महासचिव यज्ञदत्त हाड़ा, कोषाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक केशव मित्तल सहित विमल जैन, अरुण भार्गव, विजय माहेश्वरी एवं अर्चना राजावत उपस्थित रहे।

कोषाध्यक्ष केशव मित्तल ने बताया कि अपने उद्बोधन में श्री हेमंत विजयवर्गीय ने कहा कि समिति द्वारा पिछले 35 वर्षों से निरंतर कंबल वितरण का कार्य संस्थापक अध्यक्ष स्व. श्री कन्हैयालाल मित्तल के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ था, जिसे वर्तमान पदाधिकारियों द्वारा भी सतत रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है, जो अत्यंत सराहनीय है। वहीं श्री पंकज मेहता ने समिति के समाजसेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी सदस्यों को साधुवाद दिया ।

दंगल गायन के साथ प्रस्तुत की किसानों की पीड़ा

# धरने पर किसानो ने मनाया मकर संक्रांति का पर्व

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** फसल खराबा का मुआवजा एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अनियमितताएं की जाँच की मांग को लेकर किसान महापंचायत के तत्वाधान में किसानो का धरना -प्रदर्शन बुधवार को 14वे दिन भी जारी रहा । धरने पर नाथड़ी गांव की दंगल पार्टी द्वारा दंगल कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । जिसमें रामदेव कोड़वा,जवाहरलाल,बंटी,पहलाद फौजी, मायाराम,लादू, बुद्धि प्रकाश, अर्जुन, हनुमान, हेमराज, बड़ागांव से शीला मीणा, सुशीला गुर्जर ने अनुठे अंदाज में दंगल प्रस्तुत कर किसाने की पीड़ाओं को उजागर करते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया । धरना प्रदर्शन में तहसीलस्तर से कई किसान प्रतिनिधियों ने भाग लिया । किसान महापंचायत के तहसील अध्यक्ष भरतराज मीणा ने बताया कि सरकार द्वारा समय रहते हुए किसानों की समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को उग्र किया जाएगा । किसान हितों को देखते हुए अब गांव गांव के लोग इस आंदोलन में शामिल होने लगे हैं । कामकाज छोडक़र मकर संक्रांति के दिन भी किसान धरने पर बैठने पर मजबूर है । धरने पर आस्था - धरतीपुत्रो का भगवान पर अडिग भरोसा होता है ।जब प्राकृतिक आपदा आती है तो किसान हल को उल्टा गाढ़ कर नुकशान से बचाव की मांग करता है। यहाँ धरती पुत्रों का श्रद्धा और विश्वास को देखते हुए किसानों के फसले प्राकृतिक आपदा से बच जाती है । नैनवा में चल रहा किसानों के धरने में भी इसका इस्तेमाल किया । कभी तेजाजी तो कभी माता के जस गाये गये । मकर संक्रांति के पर्व पर किसानों ने दंगल के माध्यम से किसानों के पीड़ा सुना कर नृत्य किया । किसानों का मानना है कि पुरातन संस्कृति है। जब किसानों का विश्वास खत्म हो जाता है सरकार सुनाई नहीं करती है ऐसे में किसान आस्था के डगर पर चलकर लोक देवता ओं एवं ईश्वर की आराधना करते हैं ।

# शहरी मनरेगा कार्य में हाजिरी के आधे भी साइटों पर नहीं मिले मजदूर, लापरवाही पर सभी मेटो को किया ब्लैकलिस्ट

## ट्रांसपोर्ट नगर साइट पर मजदूरों का हंगामा, ईओ ने मोके पर पहुंच महिला मजदूरों की सुनी समस्या, समाधान के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में नगर पालिका द्वारा कराई जा रहे महात्मा गांधी मनरेगा शहरी योजना के तहत चार साइटों का बुधवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अमिताभ मीणा ने औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में साइटों पर हाजिरी के आधे मजदूर भी उपस्थित नही मिले। ऐसे में जब मेटो से जानकारी करना चाहा तो एक स्थान को छोड़ अन्य साइटों के मेट गायब हो गए।

ट्रांसपोर्ट नगर पर कार्य के दौरान हंगामा देखा गया। महिला मजदूरों द्वारा घर से दूरस्थ स्थान पर लगाए जाने के साथ पानी और प्रसाधन की व्यवस्था नही होने ओर समय पर मजदूरी नही मिलने का आरोप लगाया। ऐसे में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने सभी महिला श्रमिकों की समस्याओं को सुना है और उनके समाधान का आश्वासन दिया है।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अमिताभ मीणा ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर पर कार्य के दौरान 90 मजदूर उपस्थित मिले,जबकि वहां 200 मजदूर नामांकित हैं। मेट सहित कुछ लोग चाहते हैं कि वहां 170 मजदूरों की हाजिरी की जाए,जैसा पूर्व में होता चला आ रहा है लेकिन जो मजदूर उपस्थित हैं । हाजिरी उन्हीं की ही होगी। किसी भी प्रकार का भेदभाव या भ्रष्टाचार पालिका में नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने बताया की बत्तीपुरा में निरीक्षण के दौरान 290 नामांकित मजदूरों में से 200 मजदूर प्रेजेंट मिले हैं। तिलुआ का अड्डा पर 250 मजदूर में से केवल 74 मजदूर उपस्थित मिले जबकि मेट द्वारा हाजिरी 225 की लगा रखी थी। वहीं अन्य साइटों पर भी नामांकित से आधी संख्या में भी मजदूर देखने को नही मिले है।

ऐसे में कार्य में अनियमितता के चलते और मौके से गायब होने के कारण पालिका के सभी मेटो को तुरंत प्रभाव से ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है। वर्तमान में नगर पालिका में 07 मेट लगे हुए थे। जिनमें से शिवम कुमार,ऋषभ यादव, मनीष कुमार,अमरेश पठान और रघुनाथ जाटव को ब्लैक लिस्ट किया है। 02 मेट अभी गायब है जिनको नोटिस जारी कर कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### रोजगार सहायको ने रखी प्रशासन के आगे समस्या

रोजगार सहायकों के ईओ मीणा को बताया कि वे जब फील्ड में मौका जांच को जाते हैं तो ना तो उन्हें हाजिरी सीट दी जाती है और ना ही जानकारी। उल्टे कुछ लोग आकर उनको डरा धमका कर मौके से भगा



देते है।ऐसे में वह फील्ड कार्य के दौरान अपने आप को असुरक्षित महसूस करते है।

### इनका कहना है

पालिका ईओ अभिताभ मीणा ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर पर कार्य के दौरान हंगामा के पीछे पूरी प्रायोजित योजना थी। कुछ लोग नहीं चाहते कि भ्रष्टाचार को खत्म किया जाए क्योंकि उसमें उनका स्वार्थ छिपा है।लेकिन शहरी मनरेगा कार्य में वास्तविक मजदूरों की हाजिरी ही होगी। जो फील्ड में उपस्थित होंगे। हंगामे के दौरान कुछ महिला मजदूरों ने अपनी समस्या रखी है जिसका तुरंत समाधान कर दिया गया है। मामले की जानकारी पालिका प्रशासक और उच्च अधिकारियो को भेजी गई है।

# बयाना में खाद्य पदार्थ थोक व्यापार संघ की नई कार्यकारिणी गठित

## सुंदर सेठ बने अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** खाद्य पदार्थ थोक व्यापार संघ की नई कार्यकारिणी का गठन बुधवार शाम गणेशी मार्केट में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से किया गया। बैठक की अध्यक्षता राजेश आर्य ने की। इस अवसर पर व्यापारियों ने एकजुट होकर व्यापार से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए संगठित प्रयास करने का संकल्प लिया। बैठक में नेमीचंद गोयल को संघ का संरक्षक, सुंदर सेठ को अध्यक्ष, मनोज अग्रवाल को मंत्री तथा आशीष गोयल को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का उपस्थित व्यापारियों ने साफा व माला पहनाकर स्वागत किया और उनसे संगठन को मजबूत दिशा देने की अपेक्षा जताई। बैठक के दौरान व्यापारियों ने बाजार से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं, प्रशासनिक कार्रवाइयों, लाइसेंस प्रक्रिया में आ रही कठिनाइयों तथा आपसी समन्वय जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि संगठित मंच के माध्यम से ही व्यापारियों की समस्याओं को प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुंदर सेठ ने भरोसा दिलाया कि नई कार्यकारिणी व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी और सभी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से संवाद को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर प्रहलाद बंसल, अनिल सिंघल, गिरीश मित्तल, रामभरोसी गुप्ता, दिनेश चंद सहित बड़ी संख्या में खाद्य पदार्थ थोक व्यापारी मौजूद रहे।

# जानलेवा हमले के मामले में सोने का गुर्जा थाना पुलिस की कार्यवाही

## खाईदार कुदिन्ना गांव में हमले के मामले में तीन महीने बाद एक आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के सोने का गुर्जा थाना क्षेत्र में 3 महीने पहले खाईदार कुदिन्ना गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। जिसमे एक पक्ष के एक दर्जन से अधिक लोगों ने दूसरे पक्ष के घर आकर हमला किया था। जिसमें फायरिंग और लाठी भाटा जंग में एक महिला सहित तीन लोग घायल हुए थे। मामले को लेकर पीड़ित द्वारा सोने का गुर्जा थाने पर रिपोर्ट दी थी। जिसमें पुलिस मामले की जांच कर रही थी। 3 महीने बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिससे मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

सोने का गुर्जा थाना अधिकारी कैलाश चंद्र बताया की दिनांक 27/9/2025 को गांव खाईदार कुदिन्ना में दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर झगड़ा हुआ था। जिसमें एक पक्ष के पीड़ित रामकेश पुत्र रामजीलाल गुर्जर ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर पर आकर भूरी सहित एक दर्जन से अधिक आरोपियों ने हमला किया। जिसमे लाठी,फरसों से हमला हुआ और कट्टो से फायरिंग की गई। उक्त घटना में पीड़ित मां और और उसके दो भाई घायल हुए। जिन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर भेजा गया।

घटना को लेकर पुलिस ने थाने पर फिर संख्या 61/2025 में मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की।लेकिन आरोपी गांव छोड़कर भाग गए थे। पुलिस ने जरिये मुखबिर सूचना मिलने पर आज एक आरोपी भूरी पुत्र श्यामा गुर्जर निवासी खाईदार को गांव रहे से गिरफ्तार किया है। जो किसी रिश्तेदार के घर में छिपा हुआ था। मामले में लिप्त अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई में कांस्टेबल बीरबल,विनोद कुमार और कुबेर सिंह का विशेष सहयोग रहा है।

# संभागीय आयुक्त ने पीएचसी पचगांव एवं आंगनबाड़ी केन्द्र नरपुरा का किया निरीक्षण

## स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं में सुधार के दिए निर्देश

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** संभागीय आयुक्त नलिनी कठौतिया बुधवार को धौलपुर दौरे पर रही इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पचगांव का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी रजिस्टर, दवा भंडार, वार्ड सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के समय पीएचसी पर कार्यरत चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहित डे अवकाश पर पाए गए। ओपीडी रजिस्टर के अनुसार उस दिन 20 रोगियों का पंजीकरण दर्ज पाया गया।

# मनरेगा के मूल उद्देश्य की रक्षा करने के लिए महिला कांग्रेस संकलपद्ध-रिक्की सिंह हंतरा

## ग्रामीण , दलित , महिला एवं वंचित समाज की थाली से निवाला छीनने पर तुली है भाजपा सरकार

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के मूल सवरुप ने बदलाव की कोशिशों को लेकर महिला कांग्रेस आक्रमक रूख अपनाए हुए हैं।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह ने कहा कि प्रति वर्ष मनरेगा के तहत पाँच करोड़ से अधिक परिवारों को रोजगार मिलता है , जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर होने वाले पलायन में कमी आती है मनरेगा ना केवल रोजगार उपलब्ध कराना है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम भी करती है ।

इस अवसर पर महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रिक्की सिंह हंतरा ने बताया कि मनरेगा बचाओ संग्राम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया गया है जिसके माध्यम से कांग्रेस का हर कार्यकर्ता जनता को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने का कार्य करेगी ।

रिक्की सिंह हंतरा ने कहा कि मनरेगा केवल एक रोजगार का साधन नहीं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं वंचितों , ग़रीब तबके का जीवन स्तर को सुधारने का एक सशक्त साधन भी है ।

भाजपा सरकार मनरेगा को खत्म करना चाहती है , पहले मनरेगा का 90 प्रतिशत खर्च केंद्र सरकार वहन करती थी लेकिन अब केवल



60 प्रतिशत केंद्र सरकार देगी जिससे सीधा राज्य सरकार पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा और जो सरकार पहले से भारी कर्ज में डूबी है और एसी स्थिति में वे इस योजना का भुगतान करने में असमर्थ होगी जिससे मनरेगा समाप्त हो जाएगी । जिससे खासकर महिलाओं को सीधा प्रभावित करेगी । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ 45 दिन का अभियान चलाया गया है जिसमें जिला, ब्लॉक व वार्ड स्तर तक सभा की जाएगी ताकि अधिकतम लोगों को इसके बारे में अवगत कराया जा सके जिसमें महिला कांग्रेस की भी अहम भूमिका रहेगी।

महिला कांग्रेस इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाएगी।

मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ यह आंदोलन आमजन के अधिकारों की रक्षा हेतु एक मजबूत आवाज़ है। कांग्रेस पार्टी सदैव श्रमिकों, गरीबों और ग्रामीण भारत के हितों के साथ खड़ी रही है और आगे भी मजबूती से खड़ी रहेगी।

# थाने में आईजी को एफ आई आर की जांच में कमियां मिली-मालखाना भी जब्ती के सामान से भरा मिला, निपटारे के निर्देश दिए



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर आईजी कैलाश विश्नोई ने आज उच्चैन थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें स्न्द्धक्रकी जांच में उन्हें कई कमियां मिली। साथ ही मालखाना भी जब्त शुदा सामान से भरा हुआ मिला। जिसको लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए।

आईजी कैलाश विश्नोई ने बताया- उच्चैन थाने का आज निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई खामियां भी नजर आई। जिसमें मालखाना में सामान भरा हुआ है उसका निस्तारण नहीं हुआ है। एफ आई आर में जांच के दौरान कई कमियां छोड़ी गई हैं। उन्हें पॉइंट आउट करके इन्हें निर्देशित किया जाएगा। साल 2026 के अंदर राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय से निर्धारित प्राथमिकताएं हैं उस पर बेहतर काम कर समाज को अच्छी पुलिसिंग दी जाए।

### पुलिसकर्मियों के लिए बनवाए जायेंगे क्वार्टर

थाने के अंदर आवासीय क्वाटर की समस्या है। इसके बारे में अधिकारियों को निर्देशित कर प्रस्ताव भिजवाया जाएगा। पुलिस हाउसिंग बोर्ड से आने वाले समय में नए क्वार्टर का निर्माण करवाया जाएगा। मीटिंग और समय-समय पर अधिकारियों को अवगत करवाया जाता है कि पुलिस मुख्यालय ने जो प्राथमिकताएं तय की हैं। प्रत्येक परिवादी को संतुष्ट किया जाए। जिससे पुलिस में लोग पुलिस पर पुलिस का भरोसा कायम रहे।

# सड़क सुरक्षा अभियान में एनएसएस अपनी भूमिका निभाएं

## एनएसएस के बौद्धिक सत्र में हुआ सड़क सुरक्षा सेमिनार का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजकीय महाविद्यालय धौलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत बौद्धिक सत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को जीवन जीने का सलीका सिखाती है। सेवा योजना से जुड़े हुए विद्यार्थी सुयोग्य नागरिक के रूप में समाज में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करते हैं। सेवा योजना से जुड़े सभी विद्यार्थी सड़क सुरक्षा अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका अदा करें और इस अभियान के अंतर्गत लोगों में जागरूकता का संचार करें। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में विस्तृत रूप से



जानकारी दी। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक शैलेंद्र वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक राष्ट्रीय अभियान में भागीदारी निभाकर इसे सफल बनाएं और स्वयं यातायात नियमों की पालना करें और दूसरों को भी नियमों की पालना के लिए प्रेरित करें। सेमिनार के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गिर्राज सिंह मीणा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थी के जीवन में बदलाव लाती है, और स्वावलंबन की भावना पैदा करना सात दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि बौद्धिक सत्र के दौरान विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञ के माध्यम से नवीन जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। जिसका उपयोग वह अपने जीवन को सरल सुंदर और सुरक्षित बनाने में कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला परिवहन विभाग द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों के साथ गुड्स सेमिरेटन की जो जानकारी थी वह बहुत महत्वपूर्ण है और निश्चित रूप से महाविद्यालय के विद्यार्थी अच्छे मददगार के रूप में समाज में अपनी पहचान स्थापित करेंगे। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ अंजुल सिंह ने सात दिवसीय शिविर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमारे स्वयं सेवक प्रतिदिन सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रहे हैं और अनुशासन में रहते हुए प्रतिदिन श्रमदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बौद्धिक सत्र के दौरान जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के माध्यम से जो जानकारी विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गई है। वह निश्चित रूप से उनके भविष्य में उपयोगी साबित होगी। इस अवसर पर पूर्व एनएसएस स्वयंसेवक रंजीत दिवाकर एडवोकेट ने भी विद्यार्थियों को संबोधित कर अपने अनुभव साझा किये। सेमिनार में शिविर प्रभारी पवन कुमार, राजेश गुर्जर व पंकज मीणा सहित चारों इकाइयों के विद्यार्थी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मकर संक्रांति पर पूर्व सांसद रंजीता कोली ने महामंडलेश्वर से लिया आशीर्वाद, जनकल्याण की कामना की

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भाजपा की पूर्व सांसद रंजीता कोली ने बुधवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर बयाना पहुंचकर महामंडलेश्वर बाबा रामरतन दास महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। महामंडलेश्वर बाबा रामरतन दास महाराज ने पूर्व सांसद को आशीर्वचन देते हुए कहा कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर निष्कपट और निष्पक्ष भाव से समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा करें। उन्होंने कहा कि सेवा, त्याग और सद्भाव के मार्ग पर चलने से व्यक्ति का भविष्य उज्ज्वल होता है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उल्लेखनीय है कि महामंडलेश्वर बाबा रामरतन दास महाराज के सान्निध्य में बयाना की नई सब्जी मंडी के पीछे स्थित विशाल मैदान में आगामी 23 जनवरी से 31 जनवरी तक विशाल विष्णु-लक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन की तैयारियों के चलते बाबा रामरतन दास महाराज अपने शिष्यों एवं



अनुयायियों के साथ बयाना में ही डेरा डाले हुए हैं। मकर संक्रांति के अवसर पर बाबा रामरतन दास महाराज की ओर से हरिनाम संकीर्तन, धूनी प्रज्वलन एवं प्रसादी वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और धर्मलाभ लिया। श्रद्धालुओं में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। धार्मिक माहौल और सेवा भाव के साथ मनाए गए मकर संक्रांति पर्व ने क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना दिया।

# जिला अस्पताल के ठेका सफाई कर्मचारियों का एसडीएम कार्यालय पर विरोध

## ठेकेदार पर लगाया समय पर वेतन नहीं देने और सुविधाओं से वंचित रखने का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के जिला अस्पताल में तैनात ठेका सफाई कर्मचारियों ने बुधवार को उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सौपा है। जिसमें ठेकेदार पर समय पर वेतन नहीं देने के साथ मजदूरों को मिलने वाले पीएफ,ईएसआई और अन्य सुविधाएं नहीं देने का आरोप लगाया है। सफाई कर्मचारियों ने उपखंड अधिकारी से मांग की है कि वे मामले की जांच के साथ ठेकेदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करे,अन्यथा न्याय नहीं मिलने पर सभी मजदूर कार्य का बहिष्कार करेंगे।

ठेका सफाई कर्मचारी कमल,पंकज,महेंद्र,रामेश्वर,निर्मल, सुनील,विमल,महिला सफाई कर्मचारी मीना,शीला,बेबी पुष्पेंद्र आदि ने बताया कि वह कई वर्ष से शहर के जिला अस्पताल में ठेकेदार के माध्यम से सफाई कार्य कर रहे हैं। ठेकेदार और उसके प्रतिनिधि द्वारा



लगातार सफाई कर्मचारियों से अनुचित व्यवहार किया जाता है। समय पर वेतन नहीं दिया जाता,ना ही वेतन बैंक खाते में देते हैं। इसके अलावा उनको 6 वर्षों से ना तो पीएफ और ना ईएसआई का भुगतान किया है। जो नियम अनुसार अनिवार्य हैं। ठेकेदार जब चाहे सफाई कार्मिको के वेतन में मनमानी कटौती करता है। जिसका कोई लिखित कारण यह विवरण नहीं देता। इससे सफाई कर्मचारी आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। ऐसे में एसडीएम भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि भी ठेकेदार के कार्य की जांच करें। सफाई कर्मचारियों का भुगतान उनके बैंक खाते में हर महीने किया जाए,पीएफ और ईएसआई की राशि भी जमा कराई जाए और मनमानी कटौती को रोका जाए। अगर दो दिन में उनकी मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो सभी सफाई कर्मचारी सामूहिक रूप से कार्य का बहिष्कार करेंगे।

### इनका कहना है

अस्पताल के पीएमओ डॉ हरिकिशन मंगल ने बताया कि कोटा की फर्म महात्मा गांधी श्रमिक सहकारी सेवा समिति को अस्पताल की सफाई कार्य का ठेका दिया हुआ है। जो श्रमिक के हिसाब से है। हालांकि इसमें लगभग एक लाख 30 हजार रुपए प्रति महीने का भुगतान किया जाता है।

# रक्त की हर बूंद से बची ज़िंदगी–मकर संक्रांति पर ब्यावर में रक्तदान का महाकुंभ

## मानव सेवा संकल्प के 12वें शिविर में 451 यूनिट रक्तदान, युवाओं व महिलाओं ने रचा कीर्तिमान

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मानवता की सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मानव सेवा संकल्प संस्था द्वारा फतेहपुरिया बगीची में आयोजित 12वां विशाल रक्तदान शिविर ऐतिहासिक बन गया। शिविर में युवाओं, महिलाओं एवं समाजसेवियों के अभूतपूर्व सहयोग से 451 यूनिट रक्तदान हुआ, जिससे यह आयोजन "रक्तदान का महाकुंभ" बनकर उभरा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर कमलराम मीणा ने महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मकर संक्रांति के दिन इतने बड़े स्तर पर रक्तदान कर ब्यावरवासियों ने सामाजिक




जागरूकता और मानवीय संवेदना का परिचय दिया है। प्रशासन सदैव ऐसी सेवाभावी संस्थाओं के साथ खड़ा रहेगा संस्था प्रणेता एडवोकेट अजय शर्मा ने सभी अतिथियों व रक्तदाताओं का स्वागत करते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद तक समय पर रक्त पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि एकत्रित रक्त थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं आपातकालीन मरीजों के लिए जीवनरक्षक सिद्ध होगा रक्त संग्रहण का कार्य राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय (AKH) ब्यावर एवं जनाना चिकित्सालय अजमेर की अनुभवी चिकित्सा टीमों द्वारा किया गया, जिन्होंने पूर्ण सतर्कता के साथ रक्तदाताओं की जांच कर रक्त संग्रह किया शिविर के सफल आयोजन पर संयोजक दीपक रांकावत एवं मुकेश गर्ग ने सभी सहयोगियों, चिकित्सा टीम, मीडियाकर्मियों एवं रक्तदाताओं का आभार जताया।

### इनका रहा विशेष सहयोग

शिविर में निर्मल बंसल, श्रवण बंसल, अमित बंसल, अजमत काठात, आशीष पाल पदावत, रवि डंडायत, अशोक पंवार, विजय तंवर, अभिषेक रूनीवाल, व्रतंज्य आर्य, जसराज शर्मा, नवनीत टवानी, किशन गोपाल अरोड़ा, अजय मूंदड़ा, शैलेंद्र शर्मा, दिलीप गोरा, अनिल प्रजापत, संजय शर्मा, प्रशांत भरादिया, ओमप्रकाश गर्ग, महेंद्र शर्मा, बिरदीचंद खोरवाल, रिंकु शर्मा, एडवोकेट राकेश प्रजापत, प्रशांत प्रजापति, प्रवीण बडोला, राजेश व्यास, मनोज शर्मा, योगेश पंचोली, अरुण भारद्वाज, गोपाल डानी, पवन रायपुरिया, अजय गोयल, कमल सिंगल, भरत गर्ग, निखिल जिंदल, विशाल मित्तल, प्रमोद पंवार, गिरीश गुप्ता, रतन चौहान, राहुल सामरिया, नीरज चौहान, ललित सोनी, दिलीप सोलीवाल, जय खूबचंदानी, विवेक कुमावत, मोहम्मद अरहान, नमन डंडायत, वेदांश डंडायत, शिवम, राघव शर्मा सहित सैकड़ों रक्तदाताओं ने सहभागिता निभाई शिविर में बड़ी संख्या में प्रथम बार रक्तदान करने वाले युवा एवं महिलाओं की भागीदारी विशेष आकर्षण रही। प्रत्येक रक्तदाता को संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने संभाला सीएमएचओ का अतिरिक्त कार्यभार

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (ग्रुप-2) के संयुक्त शासन सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार भीलवाड़ा जिले के जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), भीलवाड़ा के पद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार डॉ. शर्मा ने बुधवार प्रातः सीएमएचओ पद का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर लिया। आदेशानुसार डॉ. शर्मा अपने नियमित दायित्वों के साथ-साथ अग्रिम आदेशों तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भीलवाड़ा के पद का कार्य संपादित करेंगे। उल्लेखनीय है कि डॉ. शर्मा पूर्व में भी कार्यवाहक सीएमएचओ के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कार्यभार हस्तांतरण के अवसर पर सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर ने डॉ. शर्मा को विधिवत प्रभार सौंपा। इस दौरान कार्यालय के विभिन्न अनुभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी कार्मिकों ने पुष्पमालाओं से स्वागत कर डॉ. शर्मा को सफल कार्यग्रहण की शुभकामनाएं दीं।

## विराट हिंदू सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा।** आगामी 18 जनवरी 2026 को हिंदू सम्मेलन के तत्वाधान मे महाराणा प्रताप सेंट्रल पार्क में महिलाओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । बैठक में हिंदू समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और हिंदू सम्मेलन में शोभायात्रा कलश यात्रा का सफल क्रियान्वयन के उद्देश्यों और गतिविधियों पर चर्चा की । हिंदू सम्मेलन आयोजना समिति की शोभा यात्रा प्रमुख सीमा व्यास ने महिलाओं को हिंदू सम्मेलन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 जनवरी को महाराणा प्रताप सेंट्रल पार्क रावतभाटा में प्रातः 9:00 बजे एकत्रित होकर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में महिलाओं का सहयोग अति आवश्यक है बैठक में महिलाओं ने हिंदू समाज की एकता और संगठन को मजबूत करने के लिए अपने विचार व्यक्त करें उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए और समाज में व्याप्त समस्याओं का समाधान होना चाहिए। बैठक में विराट हिंदू सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया। बैठक में संगठन के कार्यकर्ता अशोक अहीर, विनोद त्यागी, आनंद शर्मा, रौनक चौधरी, वर्षा शर्मा . सुनीता चौधरी, आशा व्यास ,ज्योती दूबे अक्षिका जैन, अपूर्वा जैन ,पिंकी सोनी ,नुतन शर्मा मन्जु गुप्ता ,तन्वी शर्मा, विनिताअग्रवाल, सुमन बुनिया, पदमा सोनी ,खुशी खुराना, ज्योति खुराना, कल्पना मौर्य, शांति राजपूत, माया कसेरा,आदि उपस्थित रहे।

## अन्नपूर्णा रसोई में गरीबों को कराया भोजन



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा।** स्वर्गीय कुलदीप लोट द्वितीय पुण्यतिथि पर छोटे भाई अनुज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई संदीप लोट ने बताया नवल साहब मंदिर पर वाटर कूलर लगवाया और अन्नपूर्णा रसोई में गरीबों को भोजन कराएं और चारभुजा गौशाला में गायों को चारा खिलाया गरीबों को वस्त्र भी दान करवाया मौके पर सोहनलाल लोट,ओमप्रकाश कल्याणी,पुष्पा कल्याणी, निर्मला लोट,आशा लोट,रामपाल सिंघावा, गोपाल कालोसिया,मुकेश बारेशा,रतन लाल नरवाला,जगदीश बारेशा, विजय डागर, विनोद बारेशा, अजय बारेशा, शम्भू जी राडोदिया, भेरू लाल बारेशा विनोद बुरट, बाबू लाल घारू, दिनेश चौहान, सिनु महाराज, गोपाल सफेला, विक्की कलोशिया, मुकेश घावरी, मेहेंदर कुमार दाबोडिया, संतोष जी कंडारा, छितरलाल जी डाबोड़िया, प्रहलाद बॉयत, रमेश जी, कस्तूर भूमलिया,सुन्नी परमार,पप्पू बारेशा, गजानंद तंवर, विक्रम घोरे,लाल चंद्र चेड़वाल, संजय बारेशा, विजय बारेशा, जगदीश चंनाल,धर्मराज बारेशा, आकाश आदिवाल, विनोद बारेशा विशाल घुसर,करन क्लोसिया,रमेश घावरी, महेंद्र डाबोड़िया, विशाल घावरी,साहित समाज के वरिष्ठ एवं युवा लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

## एक दिवसीय खाद्य लाइसेंस शिविर का आयोजन 15 को स्वास्थ्य भवन में

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़।** राज्य सरकार के "शुद्ध आहार – मिलावट पर वार" अभियान के अंतर्गत जिले में खाद्य कारोबार कविताओं की सुविधा हेतु 15 जनवरी गुरुवार को स्वास्थ्य भवन, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, चित्तौड़गढ़ में एक दिवसीय खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ताराचन्द्र गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में नए खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य अनुज्ञा पत्र (फूड लाइसेंस) जारी किए जाएंगे तथा पूर्व में जारी लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण (रिन्यूअल) भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर में किराणा व्यापारी, थोक एवं खुदरा विक्रेता, होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई, बेकरी व्यवसायी, सब्जी विक्रेता सहित अन्य खाद्य कारोबार कर्ता भाग लेकर खाद्य अनुज्ञा पत्र प्राप्त कर सकते हैं। जिन खाद्य कारोबारकर्ताओं का वार्षिक टर्नओवर 12 लाख रुपये से कम है, उन्हें आधार कार्ड, एक पासपोर्ट साइज

# डकैती की साजिश नाकाम एचबीएच गैंग का मुखिया सहित सात आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना करेडा ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध हथियारों के साथ डकैती की योजना बना रहे कुख्यात एचबीएच गैंग के मुखिया गोपाल गुर्जर सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध पिस्टल, आठ जिंदा कारतूस तथा एक महिंद्रा स्कॉर्पियो वाहन जब्त किया है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के आदेशानुसार लोकल व स्पेशल एक्ट के तहत अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा बुद्धराज के निर्देशन तथा वृत्ताधिकारी आसींद ओमप्रकाश सोलंकी के सुपरविजन में थाना करेडा पर पुलिस निरीक्षक पुरणमल के नेतृत्व में विशेष टीम



का गठन किया गया। दिनांक 13 जनवरी 2025 को डीएसटी प्रभारी की सूचना पर थाना करेडा क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक काले रंग की महिंद्रा स्कॉर्पियो को रोका गया। वाहन में सवार व्यक्तियों की तलाशी लेने पर प्रभु सिंह तथा मोनू उर्फ राजेन्द्र वैष्णव के पास से लोडेड पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में किसी भी आरोपी के पास हथियार रखने का लाइसेंस या परमिट नहीं पाया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने पेट्रोल पंप पर लूटपाट की योजना बनाकर निकलना स्वीकार किया। इस पर पुलिस ने सभी सातों आरोपियों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 310(4), 310(5) एवं आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में गोपाल गुर्जर गिरोह का सरगना है। अभिषेक सिंह को छोड़कर शेष सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें गोपाल गुर्जर, प्रभु सिंह उर्फ प्रभु चौहान एवं नारूलाल हिस्ट्रीशीटर हैं। आरोपी प्रभु सिंह थाना सदर, चित्तौड़गढ़ के एक लूट प्रकरण में वांछित भी चल रहा था। इस कार्रवाई में थाना करेडा व एंटी गैंगस्टर टीम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला पुलिस प्रशासन ने टीम के कार्य की सराहना करते हुए इसे अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश बताया है। पुलिस का कहना है कि जिले में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## सिवाय चक भूमि से हटाया अतिक्रमण अवैध पक्का निर्माण किया ध्वस्त



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** जिले में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन का अभियान लगातार सख़्ती के साथ जारी है। उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह के निर्देशन में राजस्व विभाग द्वारा अवैध कब्ज़ों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में तहसीलदार हनुत सिंह के नेतृत्व में पटवार हल्का नूँद्री मालदेव क्षेत्र में पीपलाज माता मंदिर के समीप स्थित सिवाय चक भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। खसरा नंबर 112 व 113 पर कैलाश सिंह पुत्र कानसिंह द्वारा ईंट व पत्थर से अवैध रूप से दीवार निर्माण कराया जा रहा था प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध पक्की दीवार को ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान संबंधित अतिक्रमी को भविष्य में पुनः अतिक्रमण नहीं करने के लिए सख़्त हिदायत दी गई।

### कार्रवाई में रहे मौजूद

इस दौरान पटवारी अरविंद काठात एवं गिरदावर पांचू सिंह उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया मकर संक्रांति का पर्व

बढ़ता राजस्थान

**पावटा(सुशील कुमार बंसल)।** क्षेत्र में बुधवार को मकर संक्रान्ति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । मकर संक्रांति पर्व के साथ एकादशी का विशेष संयोग होने से सवेरे से ही क्षेत्र के मन्दिरों में विशेष भीड देखने को मिली । त्यौहार को लेकर अल सुबह लोग तैयारियों में जुट गए घरों में दाल बाटी चूरमा सहित विभिन्न पकवान व मिष्ठान तैयार किए गए । दिनभर लोग दान पुण्य करने में लगे रहे एक ओर जहाँ कस्बे के गौशाला में गौ सेवा करने वालों की भीड रही वही दूसरी ओर लोगो ने गरीबों को कम्बल, वस्त्र सहित विभिन्न जरूरती सामान दान किया तो कुछ ने गरीब जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाया । वहीं पतंगबाजों के लिए यह सबसे बड़ा दिन रहा । कस्बे में छतों पर सवेरे से ही डी जे बजने लगे ।

दिनभर लोग छतों पर चढ़े रहे । रंग बिरंगे पंतगों से आसमान सजा रहा ।चारों ओर से ये कटा वो मारा का शोर गूंजता रहा । लोगों ने अंधेरा होने तक पतंगबाजी का लुप्त उठाया तथा अंधेरा होने के बाद रात्री में लोगों ने लालटेन का भी लुप्त लिया ।

आसमान में चारो ओर लालटेन ही लालटेन नजर आने लगी । बच्चे, बूढे, जवान, महिला, पुरुष सभी ने जमकर त्योहार का आनन्द लिया ।

## नन्हे बच्चों के लिए एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता

# मोदी ग्राउंड सेंटर की टीमों का रहा दबदबा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** शहर विधायक अशोक कोठारी की अनूठी पहल "खेलेंगे तो खिलेंगे भीलवाड़ा" के अंतर्गत विधायक खेल विकास योजना के समर्थन में तथा जवाहर फाउंडेशन के सहयोग से समाजसेवी उद्योगपति रिजु झुनझुनवाला के जन्मदिवस के अवसर पर नन्हे बच्चों के लिए एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता स्थानीय एसएमएम गर्ल्स कॉलेज ग्राउंड में संपन्न हुई। आयोजक सचिव एवं फुटबॉल कोच महेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में विधायक खेल विकास योजना के 6 सेंटरों



की कुल 12 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मोदी ग्राउंड सेंटर की दोनों टीमों का प्रदर्शन शानदार रहा और उन्होंने दबदबा बनाए रखा। प्रतियोगिता का शुभारंभ जवाहर फाउंडेशन के रजनीश वर्मा एवं लोकेंद्र पांडया द्वारा फुटबॉल को किक मारकर किया गया। आयोजन के दौरान बच्चों के लिए फुटबॉल मैचों के साथ-साथ दौड़, रस्साकशी एवं हूला हूप प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिससे पूरे मैदान में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। फुटबॉल प्रतियोगिता में रौनक, तेज सिंह, ध्रुव, मोहित एवं राघव ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। समापन समारोह में विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल टांक, कमल कोठारी, दिलीप सोनी,फुटबॉल कोच मिथिलेश, विधायक खेल विकास योजना की प्रशिक्षक मनीषा सोलंकी, कोमल शर्मा, पलक राजपूत एवं दिनेश सोलंकी ने बच्चों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। अंत में खेल विकास योजना के संयोजक अजीत जैन एवं विवेक नीमावत ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# मकर सक्रांति पर्व पर सुभाष चौक पर निराश्रित जनों को करवाया नि:शुल्क भोजन

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा।** 14 जनवरी, मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर बुधवार को नगर की सब्जी मंडी स्थित श्री सुभाष चौक पर श्री सुभाष सांस्कृतिक सेवा संस्थान की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समाजसेवियों के सहयोग से श्री सांवलिया सेठ जी का भव्य भंडारा रखा गया, जिसमें नगर के जनप्रतिनिधियों , समाजसेवियों एवं आमजनों ने अपना सहयोग दिया।

श्री सुभाष सांस्कृतिक सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस भोजन सेवा कार्यक्रम में प्रातः 10 से सायं 4.30 बजे तक हजारों लोगों ने भोजन प्रसादी का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान ने पूर्व यूडीएच मंत्री एवं



विधायक श्रीचन्द कृपलानी, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रहलाद सोनी, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, वरिष्ठ नेता डॉ.जे.एम. जैन, पारस पारख, सुरेश खेरोदिया, ललितप्रकाश शारदा, मोतीलाल आहूजा, वीरेश चपलोत, उमेश तोतला, गोविंद सोनी, क्रेता व्यापार मंडल अध्यक्ष नानालाल भूतड़ा, दौलत सिंह पंवार, कोतवाली पुलिस थानाधिकारी रामसुमेर मीणा, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बुनकर, नगर उपाध्यक्ष जगदीश माली, गोपाल पंचौली, लक्की आहूजा, पुष्कर सोनी, नगर मंत्री आशीष बोड़ाना, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष आरती शर्मा, शिल्पा जैन, लक्ष्मी कोठारी, लीला देवी सोनी, रानू बजाज, गिरिजा शर्मा, भाजपा नेता अशोक मालवीय, कमलेश शर्मा, भाजयुमो नगर महामंत्री डॉ.आशीष टांक, चिराग मंत्री, संजय शर्मा, कमलेश शर्मा, पूर्व नगर मंत्री मुकेश बम, अंतरिक्ष साहू, संजय सुराणा, श्री सुभाष सांस्कृतिक सेवा संस्थान के संरक्षक सुभाष सास्कृतिक संस्था संरक्षक संजय शारदा, विशाल सोनी, दिलीप मोदी, विमल कोठारी, श्यामसुंदर मूंदड़ा, अध्यक्ष लक्की आहूजा, पीयूष शारदा, जगदीश राजोरा, रोशन सोनी, कार्यकता मनीष अग्रवाल, हरीश माली, लोकेश बोडाणा, इंद्रमल जीवनानी, भरत माली, कैलाश सोनावा, कालू बाथरा, सागर तेली, मांगीलाल कुमावत, रतन लाल नगरिया, गणपत लाल किरोड़ीवाल, यश टेलर, राजू बाथरा, भंवर माली, कमलेश योगी, सोनू तोतला सहित अन्य पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों ने सेवा दी। कार्यक्रम के दौरान विधायक कृपलानी सहित अतिथियों ने भोजन परोसने के साथ ही बच्चों को टिफिन एवं महिलाओं को साड़ियां बांटी।

# इंडियन नेवी का जहाज 'कौंडिन्य' भारत से ओमान पहुंचा

## 2000 साल पुरानी तकनीक से बना: ना कमरे, ना बिजली, टीम ने 18 दिन खिचड़ी खाकर बिताए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन नेवी का 2000 साल पुरानी पाल विधि से निर्मित जहाज आईएनएसवी कौंडिन्य बुधवार को 18 दिनों की यात्रा पूरी कर गुजरात से ओमान पहुंच गया। कौंडिन्य ने 29 दिसंबर को गुजरात के पोरबंदर से यात्रा शुरू की थी और 14 जनवरी को ओमान के मस्कट पहुंचा।

इस यात्रा का मकसद भारत की प्राचीन समुद्री विरासत को फिर से पुनर्जीवित करना है। यह जहाज 4थी-5वीं शताब्दी के भारतीय जहाजों के मॉडल पर बना है। बिना कील या धातु के लकड़ी के तख्तों को रस्सियों से सिलकर तैयार किया गया।

इस पर कोई कमरा नहीं है। क्रू मेंबर्स स्लीपिंग बैग में सोते थे। वहां बिजली की भी व्यवस्था नहीं थी। अन्य जहाजों को चेतावनी देने के लिए क्रू के पास सिर्फ हेडलैंप्स थे, जो अपने सिर पर लगाकर रखते थे। क्रू मेंबर्स ने 18 दिन खिचड़ी और अचार खाकर बिताए।

### क्रू मेंबर बोले- गुड मॉर्निंग इंडिया, मस्कट दिख गया

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्वीटर पर शिप के ओमान पहुंचने की जानकारी दी। उन्होंने स्किपर कमांडर विकास श्योराण और प्रोजेक्ट हेड हेमंत कुमार के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए ट्वीटर पर लिखा- इस पल का आनंद ले रहे हैंज हमने कर दिखाया। जहाज के एक अन्य क्रू सदस्य हेमंत ने पोस्ट किया- लैंड अहॉय! मस्कट दिख गया। गुड मॉर्निंग इंडिया, गुड मॉर्निंग ओमान। समुद्री मार्ग से बिना रुके अकेले विश्व का चक्कर लगाने वाले पहले भारतीय, रिटायर्ड नौसेना कमांडर अभिलाष टॉमी ने भी कौंडिन्य की टीम को बधाई दी।



# महाराष्ट्र सीएम बोले-उद्धव ने राज्य में हिंदी अनिवार्य की थी

## शिंदे ने कहा- मराठी मानुष की दुर्दशा उद्धव ने की, महाराष्ट्र निकाय चुनाव का प्रचार थमा

बढ़ता राजस्थान



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र निकाय चुनाव के आखिरी दिन देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मैं राज ठाकरे को बताना चाहता हूं कि उद्धव ठाकरे ने राज्य में हिंदी भाषा को अनिवार्य बनाने के फैसले लिए। उन्होंने कहा कि मुझ पर कमेंट करने के बजाय आपको उनसे पूछना चाहिए कि असली सच्चाई क्या है। वहीं, एक दिन पहले यानी सोमवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए उन्हें मराठी मानुष की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार ठहराया।

शिंदे ने पूछा कि 25 सालों में जब बीएमसी में उनकी सत्ता थी, उन्होंने क्या किया। गौरतलब है कि दो गुटों में बंटने से पहले शिवसेना ने 1997 से 2022 तक बीएमसी को नियंत्रित किया।

इसी के साथ मंगलवार को महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29 नगर निगमों के चुनाव के लिए प्रचार थम गया। इन सभी सीटों पर 15 जनवरी को वोटिंग होनी है।

चुनाव में 15 हजार से ज्यादा उम्मीदवार मैदान में हैं। अकेले बीएमसी में कुल 227 वार्ड हैं, जहां 1700 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वोटिंग का रिजल्ट 16 जनवरी को आएगा।

मुंबई में 32 सीटों पर बीजेपी-शिंदे सेना और ठाकरे सेना-एमएनएस के बीच सीधा मुकाबला

मुंबई नगर निकाय की 227 सीटों में से 32 सीटों पर बीजेपी-शिवसेना गठबंधन और शिवसेना (यूबीटी)-महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के बीच सीधा मुकाबला होगा। यह स्थिति इसलिए बनी है क्योंकि कांग्रेस-बहुजन वंचित अघाड़ी गठबंधन ने इन सीटों पर कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है।

# सीएम धामी ने काटिमा को दी 33 करोड़ की सौगात

## हाईटेक बस स्टेशन का किया लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को खाटीमा में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए 33 करोड़ 36 लाख 49 हजार रुपये की नौ विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। इन परियोजनाओं में जिला विकास प्राधिकरण द्वारा 11 करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपये की लागत से निर्मित नवनिर्मित हाई-टेक महाराणा प्रताप बस स्टेशन भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि नानकमाट्टा स्थित बालाजी मंदिर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। नानकमाट्टा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत, खाटीमा में लोहिया पुल के पास स्थित ब्रह्मदेव मंदिर में सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण कार्य किया जाएगा। देवभूमि धर्मशाला में कमरे, एक हॉल और सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे। बयान में आगे कहा गया है कि सोनूखरी-किशनपुर-बरकीदंडी-कैथुला-टुकड़ी सड़क को हॉट-मिक्स सड़क के रूप में विकसित किया जाएगा।

# सिद्धारमैया बोले- कर्नाटक सीएम पद पर हर दिन भ्रम

## राहुल गांधी स्थिति साफ करें; डिप्टी सीएम शिवकुमार ने लिखा- प्रार्थना नाकाम नहीं होती

बढ़ता राजस्थान



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में एक बार फिर मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान शुरू हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राहुल गांधी के साथ मीटिंग के दौरान सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार की मौजूदगी में लीडरशिप का मुद्दा उठा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि वह कैबिनेट विस्तार करना चाहते हैं, लेकिन कर्नाटक सीएम के पद को लेकर हर दिन भ्रम की स्थिति बन रही है। ऐसे में राहुल गांधी को सीएम पद की स्थिति को साफ करना चाहिए।





# 2-जिलों का भूगोल बदलने के विरोध में कांग्रेस की रैली

## डोटासरा बोले- परिसीमन-एसआईआर के नाम पर दादागिरी कर रहे

बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर।** बाड़मेर और बालोतरा जिलों का भूगोल बदलने के विरोध में कांग्रेस ने जन आक्रोश रैली निकाली। धोरीमन्ना में आयोजित रैली में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। रैली के कारण बाड़मेर-सांचौर नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक डायवर्ट करना पड़ा। जन आक्रोश रैली के दौरान एक एम्बुलेंस भीड़ में फंस गई। इस पर वहां मौजूद लोगों ने जगह देकर एम्बुलेंस को निकाला। दोनों जिलों का भूगोल बदलने के विरोध में धोरीमन्ना में पिछले 11 दिनों से कांग्रेस के कद्दावर नेता हेमाराम चौधरी धरने पर बैठे थे। कांग्रेस नेताओं की अपील पर उन्होंने धरना खत्म कर दिया।

**डोटासरा बोले- तानाशाहों के सामने झुकने की आवश्यकता नहीं**-डोटासरा ने कहा- पंचायत और निकाय चुनाव आ रहे हैं, इन बहरूपियों के मोरिया बुला देना। बीजेपी का मोरिया बुलाना है। ये तानाशाह लोग हैं, परिसीमन और एसआईआर के नाम पर दादागिरी कर रहे हैं। परसों अमित शाह आए तो भाजपा नेताओं को धमकाते रहे। डोटासरा ने कहा- इन तानाशाहों के सामने झुकने की आवश्यकता नहीं है। हमें डरना नहीं है, मन की लड़ाई लड़नी है। धरने से कुछ नहीं होगा, इनके जहां भी मौके पड़े, वहां मोरिया बुलाने की जरूरत है। ये लड़ाई गुड़ामालानी और धोरीमन्ना की नहीं, पूरे प्रदेश की लड़ाई है।

**जूली बोले- पर्ची के चक्कर में कुर्सी चली जाएगी**-नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले- इस पर्ची के चक्कर में मत रहिए। पर्ची के चक्कर में कुर्सी चली जाएगी। आने वाले समय में राजस्थान की जनता इलाज करने का काम करेगी। इन्होंने अपने उद्योगपति मित्रों को बाड़मेर और जैसलमेर में केवल जमीन देने का काम किया है।

**पायलट बोले- 35 महीने में कांग्रेस का राज आने वाला है**-सचिन पायलट ने कहा- जब हमारी सरकार में पंचायतों का परिसीमन हो रहा था, तब हेमाराम चौधरी ने 500 आबादी का सुझाव दिया। हम लोगों को जोड़ना चाहते हैं। आज ये आपके लिए लड़ रहे हैं। पायलट ने कहा- 35 महीने में राजस्थान में कांग्रेस का राज आने वाला है। विधानसभा में भी इस मुद्दे को पूरी ताकत से उठाएंगे।



# ईरान में हालात बिगड़े, भारतीयों को तुरंत निकलने की सलाह

## तेहरान में एक साथ 300 शवों को दफनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान में हिंसक प्रदर्शन की वजह से भारत सरकार ने बुधवार को नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि जो भी भारतीय नागरिक, चाहे वे छात्र हों, तीर्थयात्री हों, व्यापारी हों या पर्यटक, इस समय ईरान में हैं, उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकल जाना चाहिए। इस एडवाइजरी में कहा गया है कि यह सलाह 5 जनवरी की पिछली एडवाइजरी के आगे की कड़ी है और ईरान की बदलती परिस्थितियों को देखते हुए दी गई है। सरकार ने यह भी दोहराया है कि सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें विरोध प्रदर्शन या भीड़भाड़ वाली जगहों से दूर रहना चाहिए। ईरान में मौजूद भारतीय नागरिक भारतीय दूतावास के संपर्क में रहें और स्थानीय मीडिया पर नजर रखें ताकि किसी भी नई जानकारी से अवगत रहें।

**ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने यह पोस्ट किया है...**-दावा-ईरान में 12 हजार लोगों की मौत ईरान में बुधवार शाम 300 शवों को दफनाया जाएगा। अंग्रेजी अखबार द गार्डियन के मुताबिक, शवों में प्रदर्शनकारियों के साथ सुरक्षा बलों के शव भी शामिल होंगे। ये कार्यक्रम कड़ी सुरक्षा के बीच तेहरान यूनिवर्सिटी के कैंपस में हो सकता है। प्रदर्शन में मरने वालों की संख्या पर नजर रखने वाली अमेरिकी संस्था ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी ने बताया कि अब तक 2,550 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इनमें 2,403 प्रदर्शनकारी और 147 सरकार से जुड़े लोग शामिल हैं। हालांकि ईरान से जुड़े मामलों को कवर करने वाली वेबसाइट ईरान इंटरनेशनल ने दावा किया है कि देशभर में कम से कम 12 हजार लोगों की मौत हुई है। ज्यादातर लोग गोली लगने से मारे गए हैं।

**26 साल के प्रदर्शनकारी को फांसी दी जाएगी**-ईरान में 26 साल के प्रदर्शनकारी इरफान सुलतानी को आज फांसी दी जा सकती है। द गार्डियन के मुताबिक उन्हें 8 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। 11 जनवरी को उन्हें मौत की सजा सुनाई गई। उन पर हिंसा भड़काने और ईश्वर के खिलाफ जंग छेड़ने जैसा आरोप लगाया गया। इस मामले में आगे कोई ट्रायल नहीं होगा.

# पीएम मोदी ने केंद्रीय राज्यमंत्री के घर पोंगल मनाया

## बोले- तमिल संस्कृति साझी विरासत, पोंगल प्रकृति-परिवार के साथ संतुलन बनाता है

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार सुबह केंद्रीय राज्यमंत्री एल मुरुगन के आवास पर आयोजित पोंगल समारोह में शामिल हुए। पीएम ने पूजा की। उन्होंने गाय को भी भोजन खिलाया। पीएम ने कहा कि तमिल संस्कृति दुनिया की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यताओं में से एक है। तमिल संस्कृति सदियों को जोड़ती है। आज पोंगल एक ग्लोबल त्योहार बन गया है। पीएम मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया में तमिल समुदाय और जो लोग तमिल संस्कृति को पसंद करते हैं। पोंगल को बहुत उत्साह से मनाते हैं और मुझे उनमें से एक होने पर गर्व है। मोदी ने कहा कि पोंगल का त्योहार हमें प्रकृति, परिवार और समाज के बीच एक अच्छा संतुलन बनाए रखने का महत्व सिखाता है। जमीन और सूरज के प्रति हमारी कृतज्ञता दिखाता है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya,
NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# राजस्थान में बारिश का अलर्ट : दिन का तापमान बढ़ा

## सर्दी से मिली राहत; 4 दिन बाद फिर बदलेगा मौसम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में कड़ाके की सर्दी से अब राहत शुरू हो गई। 15 जनवरी से प्रदेश में मौसम साफ रहेगा और शीतलहर से लोगों को राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार 19 जनवरी से प्रदेश में एक बार फिर से मौसम में बदलेगा। कई इलाकों में बारिश की भी संभावना है। वहीं उत्तरी हवा कमजोर होने और दिन में तेज धूप से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। दिन में कोल्ड-डे जैसी स्थिति खत्म हो गई। सुबह-शाम की गलनभरी तेज सर्दी से भी थोड़ी राहत मिली।

### अलवर में फिर जमीं ओस की बूंदें

बुधवार सुबह करीब 8 बजे तक अलवर शहर और आसपास के क्षेत्रों में हल्का कोहरा छाया। विजिबिलिटी करीब 300 मीटर दर्ज की गई। फसलों पर अब भी ओस की बूंदें जम गई थी।

बुधवार सुबह शीतलहर और बर्फीली हवा का असर कुछ कम रहा। सुबह के समय घरों के बाहर खड़े वाहनों के शीशों पर भी ओस की परत जम गई।

### अधिकतम तापमान 27 डिग्री तक पहुंचा

पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो राजस्थान के सभी शहरों में आसमान साफ रहा, दिन में तेज धूप रही। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ जिलों को छोड़कर शेष सभी शहरों में मंगलवार दिन का अधिकतम तापमान 20 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। उत्तरी हवा कमजोर पड़ने से शेखावाटी एरिया में भी दिन की सर्दी में कमी आई और यहां तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हुई। सीकर में अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस, फतेहपुर में 24.2 डिग्री दर्ज हुआ।



### जमाव बिंदु से ऊपर आया पारा

अधिकतम तापमान के अलावा शेखावाटी के इलाकों में मंगलवार को न्यूनतम तापमान में भी 2 से 4 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई। इससे इन शहरों में तापमान जो जमाव बिंदु या उससे नीचे (माइनस) में था, वह चढ़कर 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मंगलवार को सबसे कम न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस करौली में दर्ज हुआ। जयपुर में भी मंगलवार को न्यूनतम तापमान दो डिग्री से ऊपर चढ़कर डबल डिजिट यानी 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेल: badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।